NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# विजडम इंडिया
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
लखनऊ से प्रकाशित
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्ष: 13 अंक: 259 लखनऊ, शनिवार 04 मई 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## झारखंड और भाजपा का दिल का नाता, पीएम मोदी बोले– कांग्रेस और जेएमएम में लूट तथा भ्रष्टाचार करने की चल रही रेस

एजेंसी।

झारखंड नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने बाबा साहेब की जयंती पर आयुष्मान भारत योजना लॉन्च की और वो भी झारखंड की भूमि से की। आज गरीबों को 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त मिल रहा है। मुद्रा योजना की शुरुआत हमने झारखंड के दुमका से की। इसी तरह मोदी की गारंटी की गाड़ी भी हमने झारखंड के खूंटी से शुरू की। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पीएम मोदी ने झारखंड के सिंहभूम में एक भव्य सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लिया और संबोधित किया। प्रधानमंत्री भीड़ के उत्साह से बहुत प्रभावित हुए और बदले में उन्होंने झारखंड



में सभी के लिए मोदी की गारंटी दोहराई। मोदी ने कहा कि झारखंड को अटल जी ने बनाया, भाजपा ने बनाया। कांग्रेस ने झारखंड का घोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि ये भाजपा की ताकत थी, अटल जी की दीर्घ–दृष्टि थी कि झारखंड बना। कांग्रेस को मंजूर नहीं था कि यहां के संसाधन आपके काम आए। पहले वो एक रुपये देते थे तो उसमें से वो 85 पैसे मार लेते थे। आज मैं एक रुपये भेजता हूं तो पूरा 100 पैसा आपके अकाउंट में जाता है।नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने बाबा साहेब की जयंती पर आयुष्मान भारत योजना लॉन्च की और वो भी झारखंड की भूमि से की। आज गरीबों को 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त मिल रहा है। मुद्रा योजना की शुरुआत हमने झारखंड के दुमका से की। इसी तरह मोदी की गारंटी की गाड़ी भी हमने झारखंड के खूंटी से शुरू की। इसलिए तो मैं कहता हूं– झारखंड और भाजपा का दिल का नाता है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड... हर कोने में विश्वास के साथ, उमंग के साथ, उत्साह के साथ... एक ही बात कह रहा है– फिर एक बार मोदी सरकार।मोदी ने कहा कि सिंहभूम और झारखंड की धरती... आदिवासी क्रांतिकारियों की धरती है, लेकिन कांग्रेस ने आदिवासियों के बलिदान को कभी सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस आजादी का पूरा श्रेय केवल एक परिवार को देना चाहती है, लेकिन ये भाजपा है, जिसने भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन को एक और पहचान दी– इस दिन को हमने जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि हम देशभर में जनजातीय गौरव के लिए जनजातीय म्यूजियम बना रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को आदिवासियों के इतिहास का सम्मान पसंद नहीं है। वो जनजातीय समाज के लोगों को आगे बढ़ने देना नहीं चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने एक आदिवासी महिला (श्रीमती द्रौपदी मुर्मू) को भारत

## सोनिया–मनमोहन की सरकार में आलिया–मालिया–जमालिया आते थे, अमित शाह ने की वोट फार जिहाद की बजाए वोट फार विकास वालों को चुनने की अपील

एजेंसी। नई दिल्ली कांग्रेस की सरकार में सोनिया–मनमोहन की सरकार में पहले आए दिन पाकिस्तान से आलिया–मालिया–जमालिया आते थे और बम धमाके करके चले जाते थे। कोई कुछ नहीं बोलता था। 2014 में जब मोदी जी पीएम बने तो पाकिस्तान ने उरी और पुलवामा में हमला किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सांगली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव दो खेमों में हैं। एक ओर श्वोट फॉर जिहादश वाले लोग हैं तो दूसरी ओर श्वोट फॉर विकासश वाले लोग हैं। एक ओर राहुल बाबा की चाइनीज गारंटी है तो दूसरी



ओर पीएम मोदी की भारतीय गारंटी है। यह चुनाव इन दो खेमों के बीच होना है। दो चरण का चुनाव हो चुका है और मोदी जी सेंचुरी लगाकर आगे निकल चुके हैं। अब तीसरा फेज 400 पार करने की मजबूत नींव डालने का फेज है। कांग्रेस की सरकार में सोनिया–मनमोहन की सरकार में पहले आए दिन पाकिस्तान से आलिया–मालिया–जमालिया आते थे और बम धमाके करके चले जाते थे। कोई कुछ नहीं बोलता था। 2014 में जब मोदी जी पीएम बने तो पाकिस्तान ने

## महाराष्ट्र में दुर्घटनाओं का शुक्रवार, उद्धव गुट की नेता के हेलीकाप्टर क्रैश के बाद अब शरद पवार के काफिले की कार का एक्सीडेंट

एजेंसीं

मुम्बई घटना उस वक्त हुई जब पवार गुट का काफिला जलगांव जिले के चोपड़ा से बैठक के बाद भुसावल जा रहा था। प्रारंभिक जानकारी यह है कि हादसा उस समय हुआ जब आगे वाली कार के अचानक रुकने से ब्रेक लग गया और पीछे की दो कारें आपस में टकरा गईं। इस हादसे में दो इनवो कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और एक कर्मचारी मामूली रूप से घायल हो गया। राज्य में लोकसभा चुनाव का प्रचार चरम पर पहुंच गया है। हर नेता की तरफ से चुनाव क्षेत्रों का दौरा किया जा रहा है। ऐसे में खबर आई कि ठाकरे गुट की नेता सुषमा अंधारे का



हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अभी इसको कुछ घंटे ही बीते थे कि शरद पवार के कारों के काफिले के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी सामने आ गई है। घटना उस वक्त हुई जब पवार गुट का काफिला जलगांव जिले के चोपड़ा से बैठक के बाद भुसावल जा रहा था। प्रारंभिक जानकारी यह है कि हादसा उस समय हुआ जब आगे वाली कार के अचानक रुकने से ब्रेक लग गया और पीछे की दो कारें आपस में टकरा गईं। इस हादसे में दो इनवो कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और एक कर्मचारी मामूली रूप से घायल हो गया।हादसा बुरहानपुर अंकलेश्वर हाईवे पर वाघोड़े गांव के पास हुआ. इस घटना के बाद नेताओं की सुरक्षा का मुद्दा सामने आ गया है। इससे पहले महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में शुक्रवार को लैंडिंग के दौरान क्रैश हो जाने से उसके दो पायलट घायल हो गए। हेलीकॉप्टर मौजूदा लोकसभा चुनाव में एक सार्वजनिक रैली के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता सुषमा अंधारे को लेने जाने वाला था, तभी यह घटना घटी। दुर्घटना सुबह करीब 9.30 बजे हुई जब हेलिकॉप्टर के पायलटों ने इसे महुहड़ में एक अस्थायी हेलीपैड पर उतारने की कोशिश की। हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया, जिससे पायलट घायल हो गए।घटना के एक वीडियो में दिखाया गया है कि हेलिकॉप्टर ने लैंडिंग के दौरान अपना नियंत्रण खो दिया और ऐसा लगा कि वह घूमता, लड़खड़ाता, संतुलन खोता और फिर खुले मैदान में धूल के बादल में तेज आवाज के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो जाता। इस घटना में हेलिकॉप्टर के रोटर ब्लेड भी क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद पुलिस और आपातकालीन टीम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पायलटों को बचाया और उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया। प्रारंभिक टिप्पणियों के अनुसार, यह घटना असमान लैंडिंग ग्राउंड के कारण हुई। रायगढ़ लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा।

## चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकते, सुप्रीम कोर्ट ने भरी अदालत में क्यों लिया राहुल गांधी और लालू यादव का नाम

एजेंसी पटना बिहार न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अध्यक्षता वाली तीन–न्यायाधीशों वाली पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब चुनावों में हमनाम उम्मीदवारों का मुद्दा उठाते हुए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका सामने आई। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजनेता के समान नाम होने से किसी व्यक्ति के चुनाव लड़ने के अधिकार पर कोई असर नहीं पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि किसी व्यक्ति को सिर्फ इसलिए लड़ने से नहीं रोका जा सकता क्योंकि उसका नाम किसी राजनेता के साथ मिलता है। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अध्यक्षता वाली तीन–न्यायाधीशों वाली पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब चुनावों में हमनाम उम्मीदवारों का मुद्दा उठाते हुए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका सामने आई। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

## रायबरेली से नामांकन के बाद बोले राहुल गांधी, बड़े भरोसे के साथ मेरी मां ने मुझे सौंपी परिवार की कर्मभूमि

संवाददाता।

रायबरेली नामांकन के बाद राहुल गांधी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था! मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग–अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं और मुझे खुशी है कि 40 वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहे किशोरी लाल जी अमेठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे।राहुल गांधी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के रायबरेली से अपना नामांकन दाखिल किया, जो लंबे समय से कांग्रेस का गढ़ रहा है। सूत्र कई कारण बताते हैं जो कांग्रेस परिवार के भीतर अमेठी और रायबरेली के भविष्य पर चर्चा के दौरान सामने आए थे। राहुल को चुने जाने का मुख्य कारण विरासत या उत्तराधिकार कारक था। माना जा रहा है कि रायबरेली से राहुल गांधी की उम्मीदवारी की घोषणा करके, सोनिया गांधी लोगों को यह संदेश देना चाहती हैं कि वह उनके उत्तराधिकारी होंगे। कांग्रेस इसे राहुल बनाम स्मृति नहीं बनाना चाहती थी, क्योंकि उसे लगता है कि वह ईरानी से बड़े नेता हैं। अमेठी की तुलना में रायबरेली राहुल गांधी के लिए सुरक्षित सीट है। नामांकन के बाद राहुल गांधी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था! मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग–अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं और मुझे खुशी है कि 40 वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहे किशोरी लाल जी अमेठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ चल रही न्याय की जंग में, मैं मेरे अपनों की मोहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं। मुझे विश्वास है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में आप सभी मेरे साथ खड़े हैं।प्रियंका गांधी ने लिखा कि कुछ दिनों पहले मां ने कहा था, ष्मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर पूरा होता है।ष ऐसा परिवार, जिसने कई पीढ़ियों को अपने में मिला लियाय जो दशकों



तक हर उतार–चढ़ाव, सुख–दुख, संकट और संघर्ष में चट्टान की तरह हमारे साथ खड़ा रहा। यह स्नेह और भरोसे का रिश्ता है। यह सेवा और आस्था का रिश्ता भी है जो आधी सदी से अटूट है। उन्होंने कहा कि हमें यहां के लोगों से जितना प्यार, जितनी आत्मीयता और सम्मान मिला है, वह अनमोल है। परिवारिक रिश्ते की सबसे बड़ी सुंदरता ये होती है कि आप चाहकर भी कभी उसके स्नेह का कर्ज नहीं उतार पाते। इस मुश्किल वक्त में, जब हम देश के लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, तो इस लड़ाई में भी हमारा पूरा परिवार दृढ़ता से हमारे साथ खड़ा है। आज हजारों परिवारजनों की मौजूदगी में बड़े भाई राहुल जी ने अपना चुनाव नामांकन दाखिल किया।उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट को गांधी परिवार के सबसे मजबूत किलों में से एक माना जाता रहा है लेकिन 25 वर्षों में ऐसा पहली बार होगा जब गांधी परिवार का कोई भी सदस्य लोकसभा चुनाव में इस सीट से चुनाव मैदान में नहीं उतरेगा। वर्ष 1967 में निर्वाचन क्षेत्र बने अमेठी को गांधी परिवार का मजबूत किला माना जाता है और करीब 31 वर्षों तक गांधी परिवार के सदस्यों ने इस लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया है। पिछले आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता स्मृति ईरानी कांग्रेस के इस किले को भेदने में सफल रहीं और उन्होंने राहुल गांधी को 55 हजार से ज्यादा मतों से शिकस्त दी थी। अमेठी लोकसभा सीट पर गांधी परिवार को 1998 में उस समय झटका लगा था, जब राजीव गांधी और सोनिया गांधी के करीबी सतीश शर्मा को भाजपा के संजय सिंह के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा था। यह पहला मौका था जब यह सीट गांधी परिवार के हाथ से निकल गयी थी। सोनिया गांधी ने 1999 में सिंह को तीन लाख से ज्यादा मतों से हराकर अमेठी को फिर से कांग्रेस की झोली में डाल दिया था। सोनिया ने 2004 में रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा और राहुल गांधी को अमेठी सीट सौंपी गयी।राहुल ने 2004, 2009 और 2014 में लगातार तीन बार इस सीट पर जीत दर्ज की लेकिन 2019 में उन्हें स्मृति इरानी के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी। राहुल गांधी को उम्मीदवार बनाये जाने से सुर्खियों में रहने वाला रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। रायबरेली सीट को 'वीवीआईपी' सीट भी कहा जाता है, जहां से पहले दो आम चुनाव में राहुल के दादा फिरोज गांधी विजयी हुए थे। रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र में फिरोज गांधी द्वारा रखी गयी मजबूत नींव को उनकी पत्नी व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने और मजबूती प्रदान की तथा 1967, 1971 और 1980 के चुनाव में इस सीट पर जीत हासिल की। इंदिरा गांधी ने 1980 में दो सीट से चुनाव लड़ा, जिनमें रायबरेली और मेडक (तेलंगाना) लोकसभा सीट शामिल हैं हालांकि उन्होंने बाद में मेडक सीट अपने पास रखने का फैसला किया। उसके बाद अरुण नेहरू ने 1980 के उपचुनाव और 1984 के आम चुनाव में रायबरेली पर कांग्रेस का परचम लहराये रखा। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के करीबी माने जाने वाले अरुण नेहरू से लेकर शीला कौल तक रायबरेली सीट गांधी परिवार के सदस्यों और उनके करीबियों के पास ही रही। इंदिरा गांधी की रिश्तेदार शीला कौल ने 1989 और 1991 में रायबरेली का प्रतिनिधित्व संसद में किया था। गांधी परिवार के एक अन्य मित्र सतीश शर्मा ने 1999 में रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और उसके बाद सोनिया गांधी का राजनीति में प्रवेश हुआ। वर्ष 1977 में आपातकाल के बाद जनता पार्टी के राज नारायण ने इंदिरा गांधी को हराया था, जो उस समय प्रधानमंत्री थीं। वहीं 1996 और 1998 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अशोक सिंह ने कांग्रेस के उम्मीदवारों को शिकस्त दी थी। सोनिया गांधी ने चुनावी राजनीति में प्रवेश करने के लिए 1999 में अमेठी सीट चुनी थी, लेकिन 2004 में उन्होंने अमेठी सीट राहुल के लिए छोड़ दी। सोनिया गांधी ने 2004 से 2019 तक चार बार रायबरेली सीट पर जीत हासिल की हालांकि उनकी जीत का अंतर कम होने लगा था।

## पाकिस्तान में राहुल गांधी की खूब है लोकप्रियता, हम उन्हें वहां नहीं हरा सकते, कांग्रेस नेता पर हिमंत बिस्वा सरमा का तंज

एजेंसी।

असम हिमंता ने कहा कि हम पाकिस्तान में राहुल गांधी को नहीं हरा सकते... राहुल गांधी पाकिस्तान में जरूर जीतेंगे। इसके साथ



ही भाजपा नेता ने कहा कि पाकिस्तान जो चाहता है वो भारत में कैसे हो सकता है? पाकिस्तान जो चाहेगा, भारत में उसका उल्टा ही होगा। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। हिमंता ने कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान में बहुत लोकप्रिय हैं। अगर पाकिस्तान में चुनाव होता है और राहुल गांधी चुनाव लड़ते हैं, तो वह भारी मतों के अंतर से जीतेंगे। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान में राहुल गांधी को नहीं हरा सकते... राहुल गांधी पाकिस्तान में जरूर जीतेंगे। इसके साथ ही भाजपा नेता ने कहा कि पाकिस्तान जो चाहता है वो भारत में कैसे हो सकता है? पाकिस्तान जो चाहेगा, भारत में उसका उल्टा ही होगा। यह प्रतिक्रिया बुधवार 1 मई को चल रहे विवाद की पृष्ठभूमि में आई है, जब पाकिस्तान में इमरान खान की कैबिनेट के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर राहुल गांधी की विशेषता वाला एक वीडियो साझा किया और कांग्रेस नेता की प्रशंसा की। इस पोस्ट के बाद भारी विवाद खड़ा हो गया और भाजपा ने राहुल गांधी पर निशाना साधने का कोई मौका नहीं छोड़ा।

## बृजभूषण सिंह का बड़ा दावा, पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस नेता ने मुझसे किया था संपर्क

संवाददाता। लखनऊ बृज भूषण सिंह का खुलासा उसी दिन हुआ जब उनके बेटे करण भूषण सिंह ने कैसरगंज सीट से नामांकन दाखिल किया। भाजपा ने गुरुवार को कैसरगंज लोकसभा सीट से बृजभूषण सिंह के छोटे बेटे करण भूषण सिंह की उम्मीदवारी की घोषणा की। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और उत्तर प्रदेश के कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह ने शुक्रवार को दावा किया कि कांग्रेस पार्टी ने उनसे लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए संपर्क किया था। उन्होंने कहा, ष्कांग्रेस पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने मुझसे संपर्क किया और मुझे कांग्रेस से चुनाव लड़ने के लिए कहा।ष बृज भूषण सिंह का खुलासा उसी दिन हुआ जब उनके बेटे करण भूषण सिंह ने कैसरगंज सीट से नामांकन दाखिल किया। भाजपा ने गुरुवार को कैसरगंज लोकसभा सीट से बृजभूषण सिंह के छोटे बेटे करण भूषण सिंह की उम्मीदवारी की घोषणा की।कैसरगंज सीट से करण की उम्मीदवारी पर बृजभूषण ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता चाहते थे कि मैं नहीं तो मेरा बेटा चुनाव लड़े। बृजभूषण सिंह कैसरगंज सीट से तीन बार से सांसद हैं। बृजभूषण ने अपने बेटे की उम्मीदवारी के लिए बीजेपी का आभार भी जताया। दूसरी ओर, करण अपनी उम्मीदवारी की घोषणा के बाद पूजा करने के लिए अयोध्या के हनुमान गढ़ी मंदिर गए। उन्होंने कहा, श्मैं यहां बजरंग बली का आशीर्वाद लेने आया हूं। वह मेरे गुरु हैं३।"करण भूषण ने कहा कि यह मेरे जीवन के सबसे बड़े क्षणों में से एक है। यह वास्तव में अच्छा लगता है। मैं कैसरगंज के लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं और उनसे अनुरोध करता हूं कि वे अपना आशीर्वाद मुझ पर बनाए रखें। कैसरगंज निर्वाचन क्षेत्र से करण को मैदान में उतारने का भाजपा का फैसला दिल्ली की एक अदालत द्वारा सांसद बृजभूषण सिंह की महिला पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ दायर यौन उत्पीड़न मामले की आगे की जांच की मांग वाली याचिका खारिज करने के कुछ दिनों बाद आया है।राउज एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत 7 मई को मामले में आरोप तय करने पर आदेश सुनाएंगी। पिछले हफ्ते बृजभूषण सिंह ने कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में अपने नाम की घोषणा में देरी के लिए मीडिया को जिम्मेदार ठहराया था।



# एसजीपीजीआई 36वां स्थापना दिवस का आयोजन कल

लखनऊ(आरएनएस )। एसजीपीजीआई के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में 36 वां स्थापना दिवस कल मनाया जाएगा। साथ ही विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम संस्थान के टेलीमेडिसिन ऑडिटोरियम, में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष, षविश्व हाथ स्वच्छता दिवस 2024ष का विषय है– ष्हाथ की स्वच्छता सहित संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण पर नवीन और प्रभावशाली प्रशिक्षण और शिक्षा के माध्यम से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के ज्ञान और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देनाष। स्वास्थ्यकर्मियों के बीच संक्रामक एजेंटों के प्रसार को रोकने के लिए हाथ की स्वच्छता के महत्व पर जोर देना समय की मांग है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्राप्त करने के दौरान प्राप्त संक्रमण से दुनिया भर में हर दिन हजारों लोगो की मृत्यु हो जाती हैं।चूंकि मरीजों के प्रबंधन के दौरान हाथ रोगाणु संचरण का मुख्य मार्ग हैं, इसलिए केवल हाथ की स्वच्छता प्रथाओं को लागू करके स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े संक्रमणों को रोकनाध्बचना महत्वपूर्ण है। विभाग का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी, संक्रामक एजेंटों की तेजी से पहचान, उनकी रोगाणुरोधी संवेदनशीलता और आणविक महामारी विज्ञान के लिए आणविक आधारित नैदानिक परीक्षणों में स्वचालन स्थापित करना है। विभाग को यूपी और बिहार में पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के लिए डब्ल्यूएचओ निगरानी केंद्र के रूप में भी पहचाना जाता है। हाल ही में विभाग में वायरल रिसर्च डायग्नोस्टिक लैब (वीआरडीएल) की स्थापना की गई है, जहां मरीजों का वायरल डायग्नोस्टिक निरूशुल्क किया जाएगा। साथ ही, अस्पताल के विभिन्न उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों जैसे प्रत्यारोपण इकाइयों, गहन चिकित्सा इकाइयों, डायलिसिस इकाइयों और ऑपरेशन थिएटरों की नियमित निगरानी की जा रही है।विभाग एक वार्षिक पत्रिका प्रकाशित करता है, जिसमें रोगजनकों का वितरण, उनकी एंटीबायोटिक संवेदनशीलता और दिलचस्प मामले की रिपोर्ट शामिल होती है। यह कार्यक्रम पुरानी यादों और विभाग में हुई प्रगति का अद्वितीय सम्मिश्रण होगा, क्योंकि हम न केवल अपने पूर्व विद्यार्थियों को याद करेंगे, बल्कि सर्वोपरि महत्व के विषय – हाथ की स्वच्छता – पर आलोचनात्मक चर्चा में भी शामिल होंगे। स्वास्थ्यकर्मियों के बीच संक्रामक एजेंटों के प्रसार को रोकने के लिए हाथ की स्वच्छता के महत्व पर जोर देना समय की मांग है।प्रोफेसर डॉ मनोदीप सेन, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, आर एमएल ष्संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण पर ज्ञान और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देनाष पर एक व्याख्यान देंगे। संजय गांधी पी जी आई के माइक्रोबायोलोजी विभाग में एडिशनल प्रोफेसर डॉ. चिन्मय साहू ष्एमआईसी बनाम संवेदनशीलता के ब्रेकप्वाइंट की भूमिकाष और नैदानिक देखभाल में इसके ज्ञान के महत्व पर एक व्याख्यान देंगे।माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियां प्रोफेसर डॉ. केएन प्रसाद और हमारे पूर्व छात्र अपने अनुभवों को साझा करेंगे। विश्व हाथ स्वच्छता दिवसष के अवसर पर युवा पीढ़ी को इसके लिए संवेदनशील बनाने के लिए नर्सिंग, मेडिकल टेक्नोलॉजी कॉलेज के छात्रों और माइक्रोबायोलॉजी के रेजिडेंट डॉक्टरों द्वारा एक रंगोली प्रतियोगिता और लघु नाटिका भी आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम

के अंतर्गत में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें डॉ. प्रिया श्री और उनकी टीम द्वारा शास्त्रीय कथक नृत्य और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध कवि डॉ. पंकज प्रसून का कविता पाठ होगा।

इस कार्यक्रम में 80 से अधिक पूर्व छात्र शामिल होंगे।

# मतदान बढ़ाने को दुकान–दुकान चिपकाएंगे स्टीकर

लखनऊ(आरएनएस )। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पदाधिकारियो को शपथ दिलाने के बाद बाजारों में दुकान–दुकान पर स्टीकर लगाएंगे और पदयात्राएं निकलेंगे। व्यापार मंडल लखनऊ महानगर के अध्यक्ष सुरेश छबलानी, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग,नगर महामंत्री अनुज गौतम, युवा महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल, महामंत्री एकता अग्रवाल, ने बताया की राजधानी लखनऊ में मध्य प्रतिशत बढ़ाने के लिए संगठन द्वारा हजारों की संख्या में लखनऊ के प्रत्येक बाजार में प्रत्येक दुकान पर स्टीकर चिपकाए जा रहे हैं।इसी कड़ी में शनिवार को अमीनाबाद परिक्षेत्र में नजीराबाद बाजार से पदयात्रा निकाली जाएगी जिसमें अध्यक्ष संदीप बंसल स्वयं उपस्थित रहेंगे। पद यात्रा नजीराबाद बाजार से प्रारंभ होकर प्रकाश कुल्फी अमीनाबाद झंडेवाला पार्क होते हुए मौलवी गंज पर संपन्न होगी।

# डीआरएम ने लखनऊ जंक्शन का किया दौरा

लखनऊ।(आरएनएस ) यात्रियों की सुविधाओं और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन की व्यवस्थाओ में सुधार को लेकर शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक ने अपर मण्डल रेल प्रबंधक एवं इंफ्रा की उपस्थिति में मण्डल के शाखा अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और निर्माण कार्यो को लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। डीआरएम आदित्य कुमार ने शुक्रवार को अपर मण्डल रेल प्रबन्धक एवं इंफ्रा राजीव कुमार की उपस्थिति में मण्डल के शाखा अधिकारियों के साथ लखनऊ स्टेशन के पुनर्विकास परियोजनाओं के कार्यों को अमल में लाने के लिए रेल भूमि विकास निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।इस दौरान मण्डल रेल प्रबन्धक ने लखनऊ जं स्टेशन पर यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए पुनर्विकास कार्य को करवाने के लिए ले–आउट प्लान के साथ संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और स्टेशन में यात्री सुविधा, सुरक्षा एवं सुरक्षा, ट्रेनों के समय पालन, रेल लाइनों की क्षमता विस्तार हेतु तथा प्रमुख निर्माण कार्यों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय), वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (समन्वय), वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, स्टेशन निदेशक, सहायक नगर इंजीनियर एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

# स्टेट जीएसटी में प्रयागराज में 284 करोड़ हुआ संग्रह

## व्यापार और उद्योग प्रोत्साहन नीति से राजस्व संग्रह वृ) में बना कीर्तिमान

### व्यापारी बोले भय मुक्त वातावरण और अधिकारियों के बेहतर समन्वय से बढ़ा भरोसा

प्रयागराज(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में राज्य जीएसटी में इस निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है। प्रयागराज में भी लोगों का कारोबार बढ़ने से टैक्स देने वाले कर दाताओं की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। व्यापारी संगठन और कारोबारी इसे योगी सरकार की टैक्स दाताओं के लिए अपनाई गई नीति और प्रदेश में व्यापार के लिए तैयार हो रहे नया वातावरण का परिणाम मान रहे हैं।

प्रयागराज जनपद में राज्य कर विभाग द्वारा अप्रैल में हुई राजस्व वसूली ने कई वर्षो का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड प्रथम राम कुबेर बताते हैं कि इस वर्ष ध283.69 करोड़ की स्टेट जीएसटी की वसूली की गई है। जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में ध 248.27करोड़ की वसूली हुई है। इस तरह पिछले वर्ष की अपेक्षा इस साल लगभग 36 करोड़ की अधिक वसूली हुई है। एडीशनल कमिश्नर ग्रेड वन राम कुबेर का कहना है कि अप्रैल में होने वाली राजस्व वसूली में अब तक का यह सर्वाधिक राजस्व है।

इसकी एक वजह कर चोरी करने वालों पर शासन द्वारा कसा गया शिकंजा बताया जा रहा है। प्रशासन द्वारा कर चोरी करने वालों की समीक्षा की गई और जांच के निर्देश दिए गए जिससे बढ़ोत्तरी हुई है।संपूर्ण कर संग्रह में जनपद में सीमेंट कारोबारियों से लगभग 35 प्रतिशत कर जमा हुआ है। वहीं, दूसरे नंबर पर सरिया व आटो मोबाइल सेक्टर रहा। जिन सेक्टरों से कम राजस्व प्राप्त हुआ है, उसकी सूची अधीनस्थ अधिकारियों से बनवाने का निर्देश दिया गया है। इन सेक्टरों से जुड़े कारोबारियों के दस्तावेजों को भी जांचा जा रहा है ताकि उनकी समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। राज्य जीएसटी की आय में वृद्धि को लेकर व्यापारियों और कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने उत्साहित करने वाली प्रतिक्रिया दी है। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल के मुताबिक उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की व्यापार प्रोत्साहन नीति से व्यापारियों को यह लगने लगा है कि जीएसटी के दायरे में रहकर व्यापार करने के बहुत से फायदे हैं। सरकार ने सख्ती तो की है लेकिन जो टैक्स दाता हैं उनका उत्पीड़न कही भी न हो इसका पूरा खयाल रखा है। केवल टैक्स चोरी करने वालो पर कार्यवाही हुई है। इसके अलावा कहीं न कहीं यूपी सरकार की योजनाओं, विकास और नीति की वजह से लोगो का व्यापार बढ़ा है जिससे उनकी खर्च करने की क्षमता भी बढ़ी है उससे भी राजस्व संग्रह बढ़ा है।

# जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रेन एलायंस की जनहित याचिका पर फौरी सुनवाई का स्वागत

प्रयागराज (आरएनएस)। राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस की जनहित याचिका पर फौरी सुनवाई का स्वागत किया है। उत्तर प्रदेश में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन संवाद सामाजिक संस्थान ने राज्य सरकार से अपील की है कि वह भी अपने राज्य में पंचायतों का बाल विवाह के मुद्दे पर क्षमतावर्धन करें जिससे उ.प्र. भी बाल विवाह मुक्त हो सके।

ज्ञातव्य हो कि राजस्थान हाईकोर्ट का यह फौरी आदेश 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस' की जनहित याचिका पर आया है। इन संगठनों ने अपनी याचिका में इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। न्यायमूर्ति शुभा मेहता और पंकज भंडारी की खंडपीठ ने कहा कि सभी बाल विवाह निषेध अफसरों से इस बात की रिपोर्ट मंगाई जानी चाहिए कि उनके अधिकार क्षेत्र में कितने बाल विवाह हुए और इनकी रोकथाम के लिए क्या प्रयास किए गए। खंडपीठ का यह आदेश अक्षय तृतीया से महज 10 दिन पहले आया है। याचियों द्वारा बंद लिफाफे में सौंपी गई अक्षय तृतीया के दिन होने वाले 54 बाल विवाहों की सूची पर गौर करने के बाद खंडपीठ ने राजस्थान सरकार को इन विवाहों पर रोक लगाने के लिए बेहद कड़ी नजर रखने को कहा है। यद्यपि इस सूची में शामिल नामों में कुछ विवाह पहले ही संपन्न हो चुके हैं लेकिन 46 विवाह अभी होने बाकी हैं।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा बाल विवाह वह घृणित अपराध है जो सर्वत्र व्याप्त है और जिसकी हमारे समाज में स्वीकार्यता है। बाल विवाह के मामलों की जानकारी देने के लिए पंचों व सरपंचों की जवाबदेही तय करने का राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है। पंच व सरपंच जब बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक होंगे तो इस अपराध के खिलाफ अभियान में उनकी भागीदारी और कार्रवाइयां बच्चों की सुरक्षा के लिए लोगों के नजरिए और बर्ताव में बदलाव का वाहक बनेंगी। बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम पूरी दुनिया के लिए एक सबक हैं और राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस पांच गैरसरकारी संगठनों का एक गठबंधन है जिसके साथ 120 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठन सहयोगी के तौर पर जुड़े हुए हैं जो पूरे देश में बच्चों के अधिकार और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम कर रहे हैं।

संवाद सामाजिक संस्थान के निदेशक अतुल तिवारी ने कहा राजस्थान हाई कोर्ट का यह आदेश ऐतिहासिक है जिसके दूरगामी नतीजे होंगे। देश में शायद पहली बार ऐसा हुआ है जब पंचायती राज प्रणाली को यह शक्ति दी गई है कि वह सरपंचों को अपने क्षेत्राधिकार में बाल विवाहों को रोकने में विफलता के लिए जवाबदेह ठहरा सके।

## महिमा पटेल को पी डी एम ने फूलपुर से बनाया प्रत्याशी

प्रयागराज(आरएनएस)। लोकसभा के नामांकन के बीच अपनादल कमेरा वादी ने फूलपुर लोकसभा से महिमा पटेल को अपना प्रत्याशी बनाया है। महिमा पटेल हाई कोर्ट में अधिवक्ता हैं और बीजेपी की नेता बृजेश पटेल की पुत्री हैं। महिमा पटेल पहले बीजेपी की सदस्य थीं और वे फूलपुर से लोकसभा टिकट भी मांग रही थीं लेकिन बीजेपी से टिकट न मिलने पर अपनादल कमेरा वादी से टिकट लिया और लोकसभा चुनाव में प्रवीण पटेल के लिए दिक्कत खड़ा करने वाली हैं।

# प्रतापगढ़ लोकसभा सीट किसी की थाती नहीं रही



प्रतापगढ़(आरएनएस)। प्रतापगढ़ लोकसभा सीट किसी की थाती नहीं रही है। समय–समय पर परिवर्तन हुआ है। यहां पर पार्टियां भी बदली और उम्मीदवार भी अलग अलग निर्वाचित हुए हैं। इस सीट की खास बात यह है कि जिले के बैक वर्ड वोटर निर्णायक भूमिका में होते हैं। ये जिधर घूम गए समझो उसकी जीत निश्चित हैं। 1958 में प्रतापगढ़ लोक सभा सीट राजनैतिक रूप से अस्तित्व में आई। उसके बाद से लेकर अभी तक सबसे अधिक कांग्रेस पार्टी का ही इस सीट पर कब्जा रहा है। दस बार इनका ही सांसद रहा है। जिसमें राजा दिनेश सिंह सर्वाधिक चार बार सांसद रहे। उसके बाद उनकी पुत्री राजकुमारी रत्ना सिंह तीन बार की एमपी रही। हालांकि कांग्रेस छोड़ने के बाद वे हांसिए पर चली गई। कांग्रेस के बाद किसी भी दल का लगातार एक बार से अधिक समय तक प्रतिनिधित्व नहीं रहा। 1998 में यहां से बीजेपी का खाता खुला। डाक्टर राम विलास वेदांती सांसद चुने गए। उसके बाद 2019 में संगम लाल गुप्ता सांसद हुए। दोनो के बीच कांग्रेस सपा और भाजपा अद के संयुक्त उम्मीदवार जीते हैं। सभी चुनावों में बैक वर्ड वोटर ही जीत के सूत्रधार बने हैं। जानकारों का मानना है कि यही वजह है कि हर बार पिछड़ी जातियों के वोटर पर सभी दलों की निगाह रहती है।

# अधिवक्ताओं के चुनाव को लेकर बढ़ती जा रही सरगर्मी, वीडियोग्राफी के साथ होगी मतगणना

लालगंज, प्रतापगढ़(आरएनएस)। संयुक्त अधिवक्ता संघ के आगामी सात मई को होने वाले चुनाव को लेकर शुक्रवार को तहसील परिसर में चुनावी माहौल सरगर्मी में दिखा। अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के उम्मीदवारों को साथी अधिवक्ताओं के बीच समर्थन की गुहार में मशक्कत करते देखा गया। वहीं चुनाव समिति कार्यालय पर भी मतदान एवं मतगणना के प्रबन्धों को लेकर पदाधिकारी रणनीतिक चर्चा में दिखे। अध्यक्ष तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष व उपाध्यक्ष एवं महामन्त्री पद पर किस्मत अजमा रहे प्रत्याशियों को परिसर में समर्थक अधिवक्ताओं के साथ घूम घूम कर अपना माहौल बनाने में मशगूल देखा गया। अधिवक्ता हितों के लिए संघर्ष की दुहाई देते उम्मीदवार अपने पक्ष में गुणा भाग भी करते दिखे। हालांकि सामान्य अधिवक्ताओं को अभी प्रत्याशियों का मनोबल बढ़ाते ही देखा जा रहा है। तहसील पार्क में पूरा दिन चुनावी रंगत में प्रत्याशियों के द्वारा अधिवक्ताओं की आवभगत में चढ़ा दिखा। इधर चुनाव समिति के कार्यालय में अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र, एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, विकास मिश्र, राममोहन सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, लाल राजेन्द्र सिंह, रामलगन यादव, वीरेन्द्र सिंह, राधारमण शुक्ल, बेनीलाल शुक्ल, कालिका प्रसाद पाण्डेय को मतदान के दिन प्रबन्धों के साथ मतगणना की भी प्रक्रिया सुनिश्चित करने में मशक्कत में देखा गया। चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि इस बार प्रत्याशियों की मांग पर मतगणना प्रक्रिया मीडिया की उपस्थिति के साथ वीडियोग्राफी के बीच करायी जाएगी। वहीं जैसे जैसे अधिवक्ताओं के चुनाव मे मतदान की तिथि नजदीक आ रही है। देर शाम तक तहसील परिसर में चुनावी गणित बनाने और बिगाड़ने में उम्मीदवारों के छत्रपों को भी भाग दौड़ में पसीना बहाते देखा जा रहा है।

# राष्ट्रीय महासचिव के निधन पर आयोजित हुई शोकसभा

प्रतापगढ़(आरएनएस)। अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अनजान की बीती रात लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। श्री अनजान के मौत पर शुक्रवार को शहर के पंचमुखी मंदिर परिसर बलीपुर में शोक सभा का आयोजन किया गया।स्वर्गीय अतुल कुमार अंजान के चित्र पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर हेमंत नंदन ओझा, राजमणि, निर्भय प्रताप सिंह, अब्दुल रशीद, सुरेश शर्मा अनिल कुमार गुप्ता, वीरेंद्र कुमार मिश्रा मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# महिला की पिटाई को लेकर पांच आरोपियों के खिलाफ केस

लालगंज, प्रतापगढ़(आरएनएस)। कोतवाली पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर महिला की पिटाई व तोडफोड तथा धमकी को लेकर पांच आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा मारपीट समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। लालगंज के सराय रायजू निवासी बलराम कोरी की पत्नी मीना देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तीस अप्रैल को गांव के दुखी कोरी के पुत्र भीम व भीम की पत्नी कुसुम तथा पुत्रियां ज्योती, प्रीती व कान्ती उसके निर्माण कार्य को लेकर विरोध करने लगी। पीड़िता ने मना किया तो आरोपियो ने लाठी डंडे से उसे गाली देते हुए मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपियो ने उसकी दीवार ढहा दी। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने भीम समेत पांच के खिलाफ गुरूवार की रात केस दर्ज किया है।

# धराये गये आरोपी, गये जेल

लालगंज, प्रतापगढ़(आरएनएस)। एसपी द्वारा चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत पुलिस ने शुक्रवार को चार वांछित आरोपियो को धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा कबीरदास फोर्स के साथ गश्त कर रहे थे। लालगंज के इंदिरा चौराहे पर पूरे ब्रम्हचारी मोठिन निवासी धुन्नी लाल सोनकर का पुत्र गुलशन पुलिस के हत्थे चढ़ गया। गुलशन के खिलाफ आत्महत्या को लेकर दुष्प्रेरण का अभियोग पंजीकृत है। वहीं कोतवाली के दरोगा सुरेंद्र सिंह को भी फोर्स के साथ गश्त के दौरान तीन वांछित आरोपियो को हिरासत में लेने में सफलता मिली है। पुलिस फोर्स ने रायपुर तियाई से दलित उत्पीड़न व आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने के मुकदमे मे वांछित चल रहे रायपुर तियाई के भारत लाल प्रजापति के पुत्र अमित उर्फ तूफान तथा अंकित उर्फ कप्तान एवं कल्लू प्रजापति के पुत्र हरिकेश को धर दबोचा। पुलिस ने पकडे गये आरोपियो को जेल भेज दिया।

# असामाजिक तत्वों के खिलाफ करें कठोर कार्यवाही–सीडीओ

प्रतापगढ़(आरएनएस)। जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के नेतृत्व में दो पालियों में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की प्रशिक्षण कार्यशाला अफीम कोठी सभागार में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने कहा कि सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टी के रवानगी के दिन सुबह 8 बजे एटीएल ग्राउण्ड पहॅुच कर अपनी–अपनी पार्टी को रवाना करेगें। अपने सेक्टर की पार्टियों को दोपहर 1 बजे तक अनिवार्य रूप से रवाना करें। समय–समय पर कन्ट्रोल रूम और अपने उच्च अधिकारियों को सूचना देते रहे। क्रिटिकल एवं वर्लनेबुल बूथों का विशेष प्रवेक्षण और निरीक्षण करें। निर्वाधन में बाधा उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोरता के साथ कार्यवाही की जाये। सुपर मास्टर ट्रेनर्स डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मो0 अनीस एवं एआरपी धर्मेन्द्र ओझा तथा टेक्निकल मास्टर ट्रेनर अशोक शुक्ला एवं नसीमुद्दीन ने ट्रेनिंग दी। इस अवसर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, उप निदेशक एवं प्राचार्य अफीम कोठी मंजू वर्मा, प्राचार्य आईटीआई कुण्डा रूपेश कुमार सहित जेपी चौधरी, गौरव पाण्डेय और प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# भण्डारों में उमड़े श्रद्धालु, चरवा प्रसाद

लालगंज, प्रतापगढ़(आरएनएस)। जन कल्याण की कामना के साथ बाबा घुइसरनाथ धाम में भण्डारे का आयोजन हुआ। वही आयोजको द्वारा बाबा के भव्य श्रृंगार आरती में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। मंदिर के महन्थ मयंक भाल गिरि व पं. वीरेन्द्रमणि के मंत्रोच्चारण के मध्य सामूहिक आरती पूजन में लोक मंगल की श्रद्धालुओं ने प्रार्थना की। भण्डारे का आयोजन समाजसेवी विभवभूषण शुक्ल ने किया। सह संयोजक शशिभूषण शुक्ल ने देवाधिदेव महादेव का श्रीअभिषेक किया। इस मौके पर आइन्सटीन पब्लिक स्कूल की निदेशक श्रुति शुक्ला, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, डा. सौरभ मिश्र, राकेशचंद्र तिवारी, हरीश मिश्र, मनोज ओझा, महेन्द्र पाठक आदि रहे। इधर नगर के अझारा वार्ड में भी श्रीमदभागवत कथा को लेकर भण्डारे में श्रद्धालुओं ने देर शाम तक प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे का संयोजन प्रवीण कुमार मिश्र व श्रवण कुमार मिश्र तथा निर्मला मिश्र ने किया। आयोजकों द्वारा कथाव्यास आचार्य करूणाशंकर दुबे तथा यज्ञाचार्य पं. शिवानंद मिश्र का सम्मान भी किया गया।

# ट्रेन के सामने कूदकर विवाहिता ने दी जान, दो घण्टे ट्रैक जाम रहा

प्रतापगढ़(आरएनएस)। घर में हुए विवाद के चलते नाराज विवाहित ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार को विश्वनाथगंज और भुपियामऊ के बीच घाटमपुर गांव के पास प्रयागराज संगम से अयोध्या कैंट जा रही पैसेंजर ट्रेन के सामने एक युवती अचानक कूद गई। जिससे उसकी मौत हो गई। उसकी लाश ट्रैक पर पड़ी थी। जिससे ट्रेन करीब दो घण्टे तक



खड़ी रही। शव को हटाए बिना ट्रेन का चालक चलने को तैयार नहीं था। सूचना पर भुपियामऊ चौकी पुलिस और आरपीएफ के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। शव को ट्रैक से हटाया गया। उसके बाद ट्रेन चली। भुपियामऊ पुलिस के अनुसार युवती का नाम सोनकली पत्नी लाल मणि है। उसका घर राजगढ़ कोतवाली में है। रात में उसके पति और भाई के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिससे नाराज होकर उसने सुबह ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। जांच पड़ताल चल रही है।

# छात्रा के साथ छेडछाड़ व मारपीट को लेकर मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़(आरएनएस)। छात्रा के साथ रास्ते में छेडछाड तथा मारपीट को लेकर लीलापुर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के घूरीपुर निवासी वीरेन्द्र पुत्र स्व. रामलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पहली मई को उसकी सत्रह वर्षीया बेटी सगरा सुंदरपुर के एक स्कूल से पढ़ाई कर शाम करीब साढे छः बजे घर वापस आ रही थी। सागरपुर व घूरीपुर की बाग में पहले से मौजूद गांव के आरोपी गिरिजाशंकर सरोज के पुत्र शिवा सरोज तथा आंशू सरोज तथा हरिशंकर के पुत्र मोनू व जगेसर के पुत्र हरिशंकर ने उसकी पुत्री का हाथ पकड़कर छेडखानी करने लगे। पीडिता ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे लाठी डंडे से मारापीटा तथा कपड़े फाड़ दिये। शोर मचाने पर पीडिता का पिता मौके पर पहुंचा तो आरोपियो ने उसे भी मारापीटा। लोगों को जुटता देख आरोपी शिकायत करने पर जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शिवा समेत चार के खिलाफ छेड़छाड़ व मारपीट तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## कलावीथी आर्ट गैलरी में वन कन्या आर्ट ग्रुप द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी 'अभिव्यक्ति' (28 अप्रैल से 5 मई 2024 तक)

वन कन्या आर्ट ग्रुप द्वारा हाल ही में एक भव्य कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका कि शीषक था ष्अभिव्यक्तिष् अभिव्यक्ति यानी विचारों को रखने की स्वतंत्रता। कलाकार के सन्दर्भ में कल्पना करने, रचना करने और उसे प्रस्तुत करने की स्वतन्त्रता। इस प्रदर्शनी में कलाकारों ने ऐसे विषयों पर अपनी चित्रकला का प्रदर्शन किया जो कि उनके ह्रदय के बहुत करीब थे। इसमें उन्होंने ना केवल विविध विषयो पर अपने चित्र प्रस्तुत किये बल्कि विभिन्न प्रकार के माध्यमों का भी उपयोग किया।इस कला प्रदर्शनी को निशि टंडन और जीतेन्द्र राणा ने क्यूरेट किया है और इसमें मुख्य रूप से नवोदित कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने का मौका और उचित स्थान दिया गया है। इस कला प्रदर्शनी के दौरान एक आर्ट कैंप का आयोजन हुआ जिसमे कि तीन श्रेष्ठ कलाकारों को पुरस्कृत और सम्मानित किया जाएगा। इस में भाग लेने वाले कलाकारों के नाम इस प्रकार हैं सुमित्रा अहलावत, प्रवीण सैनी, लक्ष्मण कुमार, नीरज शर्मा, रेमी पोद्दार, शिम्पी कुमरा, हर्ष लूम्बा, अंजलि सेठी मल्होत्रा, सतीश चौहान, महेश कुमार, ऋतू नन्दा, शालिनी गुप्ता, शुमैला नाज, नेहा कुमारी, सलेहा तरन्नुम, विधु शर्मा, भावना भनोत, वर्षा वर्मा, रिया सिन्हा, एकता भाटी, ममता बेरा, सोनिका वार्ष्णेय, योगिता शर्मा, नैंसी आनंद, राँची,अभिषेक सैमुएल, सिमरन सिहां, खुशी पांचाल, आमिर खान,हेमलता श्रीधर, अंजू सेठी तथा मीना शर्मा। यह आयोजन कलर कैनवास,कैमल, यस बैंक,कोका कोला और चम्पा कोला द्वारा समर्थित था। इस आयोजन में कैमल ने अपने नए पिग्मेंट और रंगों से कलाकारों को परिचित कराया और श्रेष्ठ कलाकारों की कृतियों को चुनने में सहयोग दिया।

## श्रीमद भागवत कथा का एक एक शब्द अमृत के समान है–आशीष जी महराज

बल्दीरायध्सुल्तानपुर (आरएनएस)। श्रीमद् भागवत कथा का एक–एक शब्द अमृत के समान है। इसे श्रवण करने से मनुष्य के जीवन का क्लेश दूर हो जाता है। परिवार में सुख, शांति तथा उसका जीवन तर जाता है। उक्त बातें चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन बृहस्पतिवार देर शाम पंडित आशीष जी महाराज ने प्रवचन में कही। बल्दीराय तहसील अंतर्गत गोविन्दपुर गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में श्रोताओं को कथारस पान कराते हुए कहा कि सुदामा अपनी धर्मपत्नी के आग्रह पर अपने मित्र द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर उपस्थित द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह श्रीकृष्ण के बचपन के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और द्वारिकाधीश भगवान से कहने लगे कि द्वार पर कोई दीन हीन व्राह्मण आपसे मिलने आया है जो कि अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से श्रीकृष्ण ने सुदामा का नाम सुना, भगवान सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। अपने सामने बचपन के मित्र सुदामा को देखकर द्वारिकाधीश ने उन्हें अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग आश्चर्य चकित रह गए। श्रीकृष्ण ने सुदामा को अपने सिंहासन पर बैठाया।

## तीन दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कान्फ्रेन्स सी.एम.एस. में प्रारम्भ

लखनऊ, 3 मई। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा आयोजित तीसरे तीन–दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कान्फ्रेन्स का शुभारम्भ आज सी.एम.एस. परिसर में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे न्यायमूर्ति श्री सिद्धार्थ वर्मा, जज, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का विधिवत् उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में न्यायमूर्ति श्री सिद्धार्थ वर्मा ने कहा कि शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य विभिन्न विषयों का ज्ञान ही नहीं है। वरन इस प्रकार के आयोजनों से किशोरों व युवाओं को



सामयिक घटनाओं, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों एवं कूटनीति की जानकारियाँ प्राप्त होती हैं जो उनके दृष्टिकोण को वैश्विक एवं व्यापक बनाती है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने मुख्य अतिथि समेत नेपाल व देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारे प्रतिभागी छात्रों व गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि इस वर्ष सितम्बर में आयोजित होने वाले यू.एन. समिट ऑफ द फ्यूचर के परिपेक्ष में एम.यू.एन. का विशेष महत्व है और इसके माध्यम से भविष्य के नीति निर्माता अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक होंगे। विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मीडिया पेनलिस्ट सुश्री नीति जैन ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया।

उद्घाटन समारोह के उपरान्त सम्मेलन की परिचर्चा का शुभारम्भ बड़े ही जोरदार ढंग से हुआ।एम.यू.एन. सम्मेलन की संयोजिका एवं सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति कश्यप ने इस अवसर पर कहा कि सम्मेलन में देश भर से पधारे छात्रों की उपस्थित इस बात का निश्चित प्रमाण है कि वर्तमान पीढ़ी अपने समय की समस्याओं के प्रति जागरूक है और उनका रचनात्मक समाधान प्रस्तुत करने में सक्षम है। सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी सिंह ने कहा कि यह सम्मेलन एकता, शान्ति व सौहार्द से परिपूर्ण विश्व व्यवस्था हेतु भावी पीढ़ी को प्रेरित करने में सफल साबित होगा। विदित हो कि तीन दिवसीय माडल यूनाइटेड नेशन्स (एम.यू.एम.) कान्फ्रेन्स का आयोजन 3 से 5 मई तक सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस के विशाल परिसर में किया जा रहा है, जिसमें नेपाल व देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग 600 छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं।

## घोसी में दिलचस्प मुकाबला, टक्कर दे रहे प्रशांत किशोर के करीबी बद्रीनाथ

घोसी,देश के टॉप मीडिया कॉलेज से पढ़ाई कर चुके बद्री नाथ प्रशांत किशोर के साथ देश के महत्वपूर्ण चुनावी अभियान का हिस्सा रह चुके हैं । अतः इनके मुद्दों के रखने के लिए प्रयुक्त भाषण शैली से लोग काफी प्रभावित होते हैं । यह मंच घोसी लोकसभा की राजनीति में काफी तेजी से उभारा है ।

बद्री नाथ कल्पनाथ राय के विरासत को बचाने की बातें करते हैं। इनके नारे भी काफी लोकप्रिय हो रहे हैं । निर्माण किए थे कल्पनाथ, नव निर्माण करेगें बद्री नाथ । सभी आएंगे साथ, तभी बनेगी बात । वे अपने मीटिंग में कल्पनाथ राय जी के समय में किए गए कार्यों की याद दिलाते हैं साथ ही उनके बाद हुए सांसदों के निरंकुश रवैया को भी उजागर करते हैं । इससे जनता का जुड़ाव स्थापित होता है । 24 साल घोसी बदहाल का नारा देकर चर्चा में आने वाले बद्री नाथ कहते हैं कि 1999 में कल्पनाथ राय जी की दुर्भाग्य पूर्ण मौत के बाद इलाका अनाथ हो गया है बाहरी व निरंकुश सांसद आते हैं और हमारी सांसद निधि लूट कर चले जाते हैं । अब हमें हमारा वारिस, हमारा सांसद चाहिए जो हमारे लोगों की पैरवी करे दुख सुख में शामिल हो । राजनीतिक दल बार बार लोकसभा के बाहर के लोगों को टिकट देते हैं । वे कहते हैं कि इस बार भी अगर राजनीतिक दल ऐसा करते हैं तो घोसी नव निर्माण मंच अपना प्रत्याशी उतारेगा।

बद्री नाथ के कार्य

1.गोंड समाज का मुद्दा उठाकर पुलिस भर्ती में 4 दिन की कंजम बढ़वाया।

2. किडनी लीवर खराब था सुनील तुरैहा के पत्नी का तो उसके इलाज दिल्ली में करवाया।

3. कोरोना काल में सदर अस्पताल मऊ में ऑक्सीजन पूर्ति को सही कराने का मुद्दा उठाया।

4. 7 गावों के आने जानें के रास्ते पर ( पाती, भेल उर, विजावे, लालनपुर, कठघरा, लाठिया, सुरजपुरा, )जल जमाव को ठीक करवाया

5. इलाके के 20 गावों के बच्चों के दुबई में फसे होने पर यहां से लेकर दिल्ली तक दौड़ भाग करके छोड़वाया । प्रकाश गुप्ता नन्दौर का पैसा विदेश भेजने के नाम पर जब हड़प लिया गया तो कानूनी कार्यवाई करवाकर वापस करवाया गया ।

6. ग्राम प्रधान जिन जिन लोगों का कार्य करवाने में असमर्थ रहे वे लोग बद्री नाथ से मदद मांगते और बद्री जी उनको हक दिलाते शौचालय

7. एक व्यक्ति ने आवास के नाम पर पैसा वसूल लिया बद्री नाथ जी ने वापस दिलवाया

8. इलाके के ढेर सारे स्कूलों में एन जी ओ के माध्यम से पेड़ लगवाकर हरियाली को बढ़ाया

9. अंधों , लंगड़ों, विकलांग जनों की पेंशन बनवाई ।

10. बीरन चाचा की बिजली की समस्या थी मनमाना बिल आई समाधान दिलाया

11. गांव के रास्ते पर पेड़ की वजह से बाधा थी, चक रोड को सही करवाकर उसका समाधान दिलाया

12. बीमार का हैस्पिटल में पैसा काम करवाया अतः अच्छा इलाज मिल सका

13. फर्जी बिल भेजने वालों के खिलाफ लड़ाई लड़कर कार्यवाइ करवाई

14. मधुबन महोत्सव में देश भर के लोकप्रिय लोगों को बुलाया गया इलाके की पहचान देश में बढ़ी

15. युवाओं, खिलाड़ियों के खेल कूद को सदैव प्रोत्साहित करते हैं, उन्होंने ऐलान कर रखा है जहां विधायक सांसद नहीं जाएंगे वहां वे आएंगे और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाएंगे ।

16. कई लड़कों को पढ़ाई और शादी में सहयोग देते या दिलाते रहते हैं

17. जिले के कई लड़कों की मेट्रो पॉलिटन शहरों में भेजकर नौकरी लगवाते हैं

प्रशांत किशोर के सहयोगी रहे बद्री नाथ घोसी नव निर्माण मंच स्थापित करके क्षेत्रीय मुद्दों पर आधारित क्षेत्रीय सांसद की मांग कर रहे हैं । यह राजनीतिक आंदोलन बन चुका है जिसको हर जाति हर धर्म और हर क्षेत्र के लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है । बद्री नाथ की सक्रियता से घोसी नव निर्माण मंच अब घोसी लोकसभा में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक फोर्स बन चुका है । अगर वे प्रत्याशी बनकर चुनाव मैदान में उतरते हैं तो घोसी लोकसभा में एक नए राजनीतिक समीकरण उभरेंगे।





## वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने हेतु जागरूकता अभियानो ने पकड़ी गति

झांसी! जैसे–जैसे 20 मई मतदान दिवस नजदीक आ रहा है वैसे–वैसे मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों ने गति पकड़ ली है। जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी अविनाश कुमार के कुशल



नेतृत्व में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में आज वरिष्ठ अग्नि सचेतक सुश्री प्रगति शर्मा द्वारा शिवपुरी रोड स्थित म पीतांबरा आईटीआई संस्थान के पहली बार वोट कर रहे युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया समझाते हुए शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई, तत्पश्चात बुंदेलखंड महाविद्यालय के सभाकक्ष में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो एसके राय की अध्यक्षता में उपस्थित नैक के सदस्यों व समस्त प्रवक्ता गणो को प्रगति शर्मा द्वारा 20 मई को स्वयं के साथ–साथ अन्य को भी मतदान करने की अपील करते हुए शपथ दिलाई गईद्य

उक्त अवसर पर अग्नि सचेतक दीपशिखा शर्मा ,डॉ बृजेश मिश्रा , डॉ ज्योति वर्मा, प्रोफेसर जितेंद्र तिवारी ,प्रो नूतन अग्रवाल , प्रो स्मिता जयसवाल, डॉ एल सी साहू,प्रो किशन, चंचल तथा पीतांबरा आईटीआई के प्राचार्य परमानंद वर्मा, तरूलिका सुद्दा वीरेंद्र कुमार तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## घायल भट्टा मजदूर की इलाज के दौरान मौत



बल्दीराय सुलतानपुर(आरएनएस)। बल्दीराय थानाक्षेत्र के लंगड़ी रामनगर में जमीनी रंजिश में दबंगों ने गुरुवार को एक अधेड़ को कुल्हाड़ी, हॉकी और लाठी–डंडे से पीटकर उसका पैर तक तोड़ डाला था। गंभीर अवस्था में उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर लाया गया था। जहां उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान हरिशंकर यादव पुत्र त्रिवेणी प्रसाद निवासी लंगड़ी मजरे ब्राहिमपुर की आज सुबह राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर में मौत हो गई। पुलिस ने कल ही मृतक के पुत्र की तहरीर पर आरोपी सम्पति लाल, विजय बहादुर, कर्मराज और बजरंगी यादव के विरुद्ध गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज किया है। थानाध्यक्ष आरबी सुमन ने बताया कि घटना में शामिल सभी आरोपियों की जल्द होगी गिरफ्तारी।

## अवध की लोक संस्कृति, स्वास्तिवाचन व शंखनाद से होगा पीएम का स्वागत

अयोध्या (आरएनएस)। अवध की लोक संस्कृति, बटुकों के स्वास्तिवाचन व शंखनाद से प्रधानमंत्री का रोड शो में अभिवादन किया जाएगा। महिलाओं द्वारा आरती उतारा जाएगी। रोड–शो के मार्ग में पड़ने वाले मठ–मंदिरों तथा घरों की छतों से रोड–शो पर पुष्प वर्षा की जाएगी। मार्ग की रेलिंग को फूलों से सजाया जाएगा। रोड शो को लेकर भाजपा ने जोर–शोर तैयारियां शुरू कर दी है। जिसके लिए भाजपा पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने जनसंपर्क प्रारम्भ कर दिया है। तैयारियों को लेकर अयोध्या धाम में वहां के पार्षदों तथा पदाधिकारियों तथा लोक सभा चुनाव कार्यालय में अयोध्या कैंट के पार्षदों व पदाधिकारियों की बैठक की गई। पीएम के रोड शो को लेकर स्वागत कर्ताओं को 40 वर्गों में बांटा गया है। जिसमें धर्माचार्य, संत महंत, बटुक, संस्कृत महाविद्यालय के छात्र, शिक्षक, योग प्रशिक्षक, चिकित्सक, अधिवक्ता, किसान, महिला, पूर्व सैनिक, व्यापारी, शिक्षण संस्थानों के प्रबंधक प्रधानाचार्य, नवमतदाता छात्र, एनजीओ, स्वयं सहायता समूह, दुर्गा पूजा, रामलीला व गणेश पूजा की समितियों सहित अन्य वर्गो में बांटा गया है। कुल 40 ब्लाक बनेंगे जिसमें लाइटिंग, साउंड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा । लोक सभा चुनाव कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या से पूरे विश्व में आध्यत्मिक उर्जा का संचार होता है। डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या का अभूतपूर्व विकास करते हुए इसे विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित किया है। इस कारण हम सभी की जिम्मेदारियां बढ़ जाती है। रोड शो ऐतिहासिक हो इसके लिए पूर्ण उर्जा के साथ कार्यकर्ता जुट जाएं।

क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि रोड शो के दौरान पदाधिकारी तैयारियां में जुट जाएं। रोड शो में सभी बूथों की उपस्थिति रहे इसके लिए व्यापक स्तर पर जनसम्पर्क कर लोगों को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करें। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रोड शो लोकप्रियता के सभी रिकार्ड को रामनगरी में तोड़ देगा। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना जन–जन के भीतर समाहित हो चुकी है। रामराज्य की परिकल्पना का उद्भव स्थल अयोध्या में समाज का हर वर्ग प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए आतुर है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा रोड शो के डबल इंजन की सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से जनता में उत्साह है। व्यवस्था से जुडे कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का पालन करें। बैठक में रोड शो के व्यवस्था प्रमुख, पार्षद, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जरूरतमंद बच्चों को मिला आसरा का सहारा

झांसी! आसरा एनजीओ द्वारा आज मदर इंडिया स्कूल अंदर ओरछा गेट में जरूरतमंद बच्चों को जूते व बिस्किट वितरित करने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में आसरा एनजीओ की अध्यक्ष पूजा शर्मा ने शिरकत की कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल संचालक ऐडवोकेट फारुख एवं समाज सेवी रमेश ओमहरे ने की इस अवसर पर जरूरमंद बच्चों को जूते व बिस्किट बांटे गए

बंटी शर्मा ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को आज जो जूते व



बिस्कुट वितरण करने का कार्य किया गया है वह काफी सराहनीय है इस स्कूल में काफी ऐसे बच्चे थे जिनके आर्थिक तंगी के चलते पैरों में जूते भी नहीं थे बच्चों का चयन करके उन्हें जूते बांटे गए है कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म का कार्य है और जो लोग धर्म के इस कार्य में समय समय पर अपनी आहुति डालते रहते है इस दौरान रमेश चंद्र ओमहरे व उनकी धर्मपत्नी राजकुमारी ओम ओमहरे जी ने सहयोग किया बच्चो को शूज के साथ साथ बिस्कुट वितरित भी किया स बच्चे शूज एवं बिस्कुट पाकर बहुत खुश हुए इस अवसर पर रमेश चंद्र ओमहरे, राजकुमारी ओमहरे, अनामिका चौवे, आरती तिवारी, अंजू मेहता, गजल गोयल वर्मा, वैशाली अग्रवाल, लीना रामानी, आदि उपस्थित रहे सइससे पूर्व अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर स्वागत किया गया सकार्यक्रम का सफल संचालन मो. फारूक एड. एवं आभार बंटी शर्मा ने व्यक्त किया

## क्रय केन्द्र को बदलना विभाग के लिये हुआ घाटे का सौदा

–क्रय केन्द्र की जगह निजी आढ़तियों की तरफ बढ़ने को मजबूर किसान

सोहावल–अयोध्या (आरएनएस)। क्षेत्र के विपरण शाखा के इकलौते बड़े क्रय केंद्र कटरौली को समाप्त कर नवीन मंडी में स्थापित किए जाने का सरकारी फैसला किसानों के साथ सरकारी खरीद पर भी भारी पड़ रहा है। अब तक हर वर्ष बिक्री करने वाले क्षेत्रीय किसानों के लिए अपना गेंहू नवीन मंडी क्रय केंद्र तक ले जा पाना घाटे का सौदा बन गया है। एक तो सरकारी मूल्य में कमी दूसरे परिवहन में बढ़ा खर्च दोनो ने सोहावल के किसानों को क्रय केंद्रों पर अपना गेंहू बेचने की जगह निजी आढ़तों की ओर ले जाने पर मजबूर कर दिया है। जिसका नतीजा है कि यहां बनाए गए पी सी एफ के दो क्रय केंद्रों पर हुई खरीद भी लगभग ठप है। पिछले डेढ़ माह में लक्ष्य 2 हजार कुंतल के सापेक्ष कुल खरीद 304 कुंतल के आसपास ही हो पाई है।बीते वर्षो में सहकारी समितियों में शामिल हाजीपुर बरसेंडी और खिरौनी दोनों को सरकारी क्रय केंद्र बनाकर खरीद का जिम्मा सौंपा गया था। इसमें तीसरा और बड़ा क्रय केंद्र विपरण शाखा का कटरौली था। यहां पर 450 से अधिक किसान अपना रजिस्ट्रेशन कराकर धान और गेहूं बेचते आये हैं। जितनी खरीद दोनों समितियों से होती थी उससे दोगुना खरीद कटरौली क्रय केंद्र से किसान जुड़कर बिक्री करते थे। किसानों का आरोप है कि कुछ निजी व्यवसाइयों के दबाव में इस वर्ष कटरौली क्रय केंद्र को हटाकर जिला प्रशासन ने लगभग 15 किलोमीटर दूर नवीन मंडी में स्थापित कर दिया है। इससे अब बिक्री करने वाले किसानों का मोह सरकारी क्रय केंद्रों से बिल्कुल हट गया है।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख ने सरकारी गौशाला में दान किया भूसा

सोहावल– अयोध्या (आरएनएस)। व्लाक क्षेत्र की ग्राम सभा बैदरापुर स्थित सरकारी गौ आश्रय स्थल (गौशाला) में पशुओं को खाने के लिये सोहावल ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख फिरदोस खान ने 35 क्विंटल भूसा उपलब्ध कराया है। ज्ञात हो कि सोहावल ब्लाक के पूर्व प्रमुख फिरदोस अहमद खान बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर के छोटे भाई हैं। जो समाज सेवा में सक्रिय रहते हैं। प्रत्येक वर्ष पशुओं के चारा हेतु दान स्वरूप भूसा उपलब्ध कराते हैं। इस मौके पर उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सोहावल डाक्टर मनोज कुमार, सदस्य क्षेत्र पंचायत मोहम्मद आमिल खान, नफीस खान आदि मौजूद रहे।

## बसपा प्रत्याशी ने लाव–लश्कर के साथ किया नामांकन

सुल्तानपुर(आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा प्रत्याशी उदराज वर्मा को बनाया है। शुक्रवार को वो नामांकन करने डीएम ऑफिस पहुंचे थे। जहां बैंक डिफाल्टर के सवाल पर उन्होंने कहा कि व्यवसाय करने वालों के लिए यह एक आम बात है। उन्होंने कहा कि हम लोग लोन लेते हैं इसलिए बकाएदारी होना कोई बड़ी बात नहीं। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महामंत्री डॉ ओम प्रकाश त्रिपाठी के साथ नामांकन करने पहुंचे प्रत्याशी उदराज वर्मा ने जिलाधिकारी को नामांकन पत्र सौंपा। इस दौरान समर्थकों ने गेट के बाहर जिंदाबाद के नारे लगाए। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मेनका गांधी से उनका मुकाबला है। वहीं गठबंधन से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम भुआल निषाद भी मैदान में है। मुकाबला दिलचस्प है, जहां बहुजन समाज पार्टी जातिगत कार्ड के आधार पर जीत का दावा कर रही है। वहीं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मुस्लिम वोट यादव वोट और निषाद वोट के सहारे अपनी नैया पार करने की बात कह रहे हैं। नामांकन करने के बाद समर्थकों में गजब का उत्साह देखा गया। उदराज ने मीडिया से कहा हमारे जिले की बेसिक बहुत सारी समस्याएं हैं सबसे पहले हम लोग उस पर काम करेंगे। उन्होंने कहा मैं सुल्तानपुर का बेटा हूं और सब लोग हमारे साथ हैं। मैं विजयी हूं चुनाव एकतरफा है मैं सुल्तानपुर का बेटा हूं आपका बेटा मैदान में होगा तो आप किसको वोट देंगे। उन्होंने आकाश आनंद द्वारा भाजपा को आतंकवादी पार्टी है। इस पर उन्होंने कहा आकाश आनंद नेशनल कोआर्डिनेटर हैं उन्होंने जो कुछ कहा है सोच समझकर कहा है।

# कनाडा पुलिस की एक गलती ने ले ली भारतीय दंपत्ति की जान, दुकान को लूट कर भाग रहे एक लुटेरे को पकड़ने के लिए दौड़ा दी रान्ग साइड में गाड़ी

ओंटारियो की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने कहा कि सोमवार को टक्कर में दो दादा–दादी, एक 60 वर्षीय व्यक्ति और एक 55 वर्षीय महिला और उनके तीन महीने के पोते की मौत हो गई। एजेंसी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, दोनों दादा–दादी भारत से कनाडा जा रहे थे। एसआईयू ने बताया कि दुर्घटना में शिशु के माता–पिता, एक 33 वर्षीय व्यक्ति और एक 27 वर्षीय महिला घायल हो गए।कनाडा के ओंटारियो प्रांत में एक हिंसक बहु–वाहन टक्कर में एक भारतीय दंपत्ति और उनके तीन महीने के पोते सहित चार लोगों की मौत हो गई, जब पुलिस कथित तौर पर शराब की दुकान में डकैती के एक संदिग्ध का पीछा कर रही थी, जो गलत दिशा में गाड़ी चला रहा था। पुलिस ने बताया कि यह घातक दुर्घटना टोरंटो से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में व्हिटबी में राजमार्ग 401 पर हुई। सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ओंटारियो की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने कहा कि सोमवार को टक्कर में दो दादा–दादी, एक 60 वर्षीय व्यक्ति और एक 55 वर्षीय महिला और उनके तीन महीने के पोते की मौत हो गई। एजेंसी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, दोनों दादा–दादी भारत से कनाडा जा रहे थे। एसआईयू ने बताया कि दुर्घटना में शिशु के माता–पिता, एक 33 वर्षीय व्यक्ति और एक 27 वर्षीय महिला घायल हो गए।यह टक्कर पुलिस द्वारा पीछा किए जाने का परिणाम थी, जो क्लेरिंगटन की क्षेत्रीय नगर पालिका में बोमनविले, ओंटारियो में एक कथित शराब की दुकान डकैती




के साथ शुरू हुई थी। पुलिस ने संदिग्ध का पीछा किया क्योंकि वह टोरंटो से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में व्हिटबी में राजमार्ग 401 पर गलत दिशा में गाड़ी चला रहा था। पीछा एक घातक टक्कर में समाप्त हुआ जिसमें कम से कम छह वाहन शामिल थे, जहां डकैती का संदिग्ध भी मारा गया था। एसआईयू ने पीड़ितों के नाम जारी नहीं किए। बयान में कहा गया है कि दंपति के तीन महीने के पोते की भी इस हादसे में मौत हो गई। हादसे के कारण राजमार्ग 401 सोमवार को कई घंटों के लिए बंद कर दिया गया। इस हादसे में लूटपाट के संदिग्ध की भी मौत हो गई। एजेंसी ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वाले बच्चे के 33 वर्षीय पिता और 27 वर्षीय मां उसी वाहन में थे। दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया है।

# कौन होगा अमेरिका का अगला राष्ट्रपति ? नास्त्रेदमस ने कर दी भविष्यवाणी, 13 Key से समझाया गणित

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में हमेशा की तरह अपनी भविष्यवाणी के लिए मशहूक एलन लिक्टमैन ने अपना पहला रुझान साझा कर दिया है। एलन लिक्टमैन को पिछले 10 चुनावों में से नौ की सटीक भविष्यवाणी करने के लिए श्अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के नास्त्रेदमसश के रूप में जाना जाता है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में हमेशा की तरह अपनी भविष्यवाणी के लिए मशहूक एलन लिक्टमैन ने अपना पहला रुझान साझा कर दिया है। एलन लिक्टमैन को पिछले 10 चुनावों में से नौ की सटीक भविष्यवाणी करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के नास्त्रेदमस के रूप में जाना जाता है। अब, वह अपने 11वें राष्ट्रपति चुनाव की भविष्यवाणी की तैयारी कर रहे हैं, जिसकी घोषणा वह अगस्त की शुरुआत में करेंगे।नास्त्रेदमस 16वीं शताब्दी के एक प्रसिद्ध फ्रांसीसी ज्योतिषी थे जिनके बारे में दावा किया जाता है कि उन्होंने विश्व की कई महत्वपूर्ण घटनाओं की भविष्यवाणी की थी जो उनकी मृत्यु के सदियों बाद घटित होंगी। जहां तक लिक्टमैन का सवाल है, वह पिछले 40 वर्षों से अमेरिकी चुनाव की भविष्यवाणियां कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव हर चार साल में एक बार होता है। पचास वर्षों तक अमेरिकी विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर के रूप में, लिक्टमैन ने प्रसिद्ध व्हाइट हाउस की 13 कुंजी पद्धति विकसित की, जिसका उपयोग वह चुनाव परिणामों की भविष्यवाणी करने के लिए करते हैं। इस पद्धति में तेरह सच्चेध्झूठे प्रश्न होते हैं, और यदि छह या अधिक कुंजियाँ मौजूदा पार्टी के खिलाफ जाती हैं, तो लिक्टमैन उनकी हार की भविष्यवाणी करते हैं। यदि छह से कम लोग इसके विरुद्ध जाते, तो वह जीत जाता।



# भारत के खिलाफ ऐसा क्या बोल गए बाइडेन, व्हाइट हाउस को बचाव में उतरना पड़ गया



व्हाइट हाउस ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की श्जेनोफोबिकश टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए स्पष्ट किया है कि उन्होंने एक व्यापक बिंदु पर टिप्पणी की थी कि देश में अप्रवासियों का होना कितना जरूरी है और कैसे इनके कारण हमारा देश मजबूत बनता है। अमेरिकन राष्ट्रपति जो बाइडेन एक बार फिर भारत विरोधी बयान देने की वजह से सुर्खियों में हैं। अक्सर दूसरे देशों के मामले में दखल देने वाले बाइडेन ने इस बार भारत को एक जेनोफोबिक देश कहा है। आपको बता दें कि जेनोफोबिया से ग्रसित उन्हें कहा जाता है जो अजनबियों से डरते हैं या बाहरी अपचरित व्यक्तियों से नफरत करते हैं। यानी बाइडेन ने भारत को एक ऐसा देश कहा है जो दूसरे देशों के लोगों से नफरत करता है। मामले के तूल पकड़ने के बाद अब इस पर व्हाइट हाउस की तरफ से बयान भी सामने आ गया है। व्हाइट हाउस ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की श्जेनोफोबिकश टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए स्पष्ट किया है कि उन्होंने एक व्यापक बिंदु पर टिप्पणी की थी कि देश में अप्रवासियों का होना कितना जरूरी है और कैसे इनके कारण हमारा देश मजबूत बनता है। वह इस बारे में बात कर रहे थे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन–पियरे ने जोर देकर कहा कि अमेरिका के सहयोगी और साझेदार अच्छी तरह से जानते हैं कि बिडेन उनका कितना सम्मान करते हैं। बाइडेन ने भारत के साथ साथ चीन, रूस और जापान को भी जेनोफोबिक देश बताया था। 2024 में फिर से सत्ता में आने के लिए वाशिंगटन में फंड रेसिंग प्रोग्राम में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था के बढ़ने का एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं। क्यों? क्योंकि हम अप्रवासियों का स्वागत करते हैं। बाइडेन इस साल होने वाले अमेरिकी चुनान में राष्ट्रपति पद की रेस में रिपब्लिकन उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ मैदान में हैं। उन्होंने अक्सर अपने प्रतिद्वंद्वी की आप्रवासी विरोधी बयानबाजी के लिए आलोचना की है। ट्रम्प ने कार्यालय में चुने जाने पर अवैध आप्रवासन पर अंकुश लगाने और कानूनी प्रवासन को प्रतिबंधित करने का वादा किया है। अपने प्रचार अभियान के दौरान उन्होंने देश में हिंसा बढ़ने के लिए आप्रवासियों को जिम्मेदार ठहराया था। इससे ठीक उलट बाइडेन ने प्रवासियों के मुद्दे पर अधिक मानवीय रुख की वकालत की है। सत्ता में आने के बाद से बाइडेन ने प्रवासियों पर ट्रम्प–युग की कार्रवाई को कम कर दिया है और नई पैरोल नीतियां पेश की हैं, जो कुछ प्रवासियों को मानवीय कारणों से कानूनी रूप से प्रवेश करने की अनुमति देती हैं। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि बाइडेन को बेरोजगारी और आप्रवासन को लेकर मतदाताओं की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। एपी–एनओआरसी सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि आधे से अधिक अमेरिकी वयस्क सोचते हैं कि बाइडेन के राष्ट्रपति पद ने देश को रहने और आप्रवासन की लागत पर नुकसान पहुंचाया है।

# 40 साल में सबसे बुरा प्रदर्शन, स्थानीय चुनाव के बाद क्या अब ;षि सुनक की आगे की राह हो जाएगी और मुश्किल ?

चुनावों में विपक्ष की जीत ने सुनक पर अधिक दबाव बढ़ा दिया और इस साल के राष्ट्रीय चुनाव से पहले दो दिनों के स्थानीय परिणामों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी, जिसमें अनुमान लगाया गया है कि लेबर नेता कीर स्टार्मर सत्ता में आएंगे और हारेंगे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को चुनाव में बड़ा झटका लगा है। शुक्रवार को घोषित स्थानीय चुनाव परिणामों में कंजर्वेटिव भारी नुकसान की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे आगामी आम चुनाव में मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी के 14 साल बाद सत्ता में लौटने की संभावना बढ़ गई है। लेबर ने इंग्लैंड में उन परिषदों पर नियंत्रण हासिल कर लिया जो दशकों से उनके पास नहीं थीं और संसद के लिए एक विशेष उप–चुनाव में सफल रही। चुनावों में विपक्ष की जीत ने सुनक पर अधिक दबाव बढ़ा दिया और इस साल के राष्ट्रीय चुनाव से पहले दो दिनों के स्थानीय परिणामों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी, जिसमें अनुमान लगाया गया है कि लेबर नेता कीर स्टार्मर सत्ता में आएंगे और हारेंगे। कंजर्वेटिव अब तक के सबसे खराब हाशिये पर हैं। ये स्थानीय चुनाव सुनक के लिए अंतिम परीक्षाओं में से एक थे, जो जीवन–यापन संकट सहित कई मुद्दों के कारण अपनी ही पार्टी के दबाव में थे। ऐसा बताया जा रहा है कि यह पिछले 40 साल में पार्टी के लिए सबसे खराब चुनावी परिणाम है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि पार्टी के भीतर के विद्रोही नेता चुनाव में विपक्षी 'लेबर पार्टी' के बेहतर परिणाम हासिल करने के परिप्रेक्ष्य में ब्रितानी भारतीय नेता सुनक पर अपने हमले तेज कर देंगे। 'कंजर्वेटिव पार्टी' के करीब 26 प्रतिशत वोट 'लेबर पार्टी' के समर्थन में गए हैं। चुनाव संबंधी सर्वेक्षण के लिए जाने जाने वाले प्रोफेसर जॉन कर्टिस ने 'बीबीसी' से कहा कि यह स्थानीय चुनावों में 'कंजर्वेटिव पार्टी' के पिछले 40 साल में सबसे खराब प्रदर्शनों में से एक है। इस उपचुनाव के साथ इंग्लैंड और वेल्स में स्थानीय चुनाव भी हुए। चुनाव परिणाम के सप्ताहांत तक आने और रविवार तक तस्वीर साफ हो जाने की उम्मीद है, लेकिन शुरुआती संकेतों के अनुसार, क्षेत्र में कई स्थानीय चुनावों में 'लेबर पार्टी' ने अच्छा प्रदर्शन किया है। मेयर पद पर चुनाव के अधिकतर नतीजे सप्ताहांत में आने की उम्मीद है। लंदन के मेयर और लेबर पार्टी के नेता सादिक खान तीसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुने जाने की उम्मीद कर रहे हैं। उनके सामने ब्रितानी भारतीय व्यवसायी तरुण गुलाटी की चुनौती है।



# पाकिस्तान के इस इलाके में चीन के नागरिकों पर लगा प्रतिबंध! आतंकियों से हारकर शहबाज सरकार ने लिया ये फैसला

26 मार्च को आत्मघाती हमलावर ने उत्तर–पश्चिम पाकिस्तान में एक बांध परियोजना पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों के काफिले में एक वाहन से टक्कर मार दी थी, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। इंजीनियर इस्लामाबाद से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दासू में बांध निर्माण स्थल पर अपने शिविर की ओर जा रहे थे। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक आत्मघाती हमलावर द्वारा चीनी इंजीनियरों के काफिले को निशाना बनाने के एक महीने से अधिक समय बाद सरकार ने चीनी नागरिकों को प्रांत के भीतर यात्रा करने से प्रतिबंधित कर दिया, जब तक कि उनके साथ बख्तरबंद वाहन न हों। हमले के बाद किए गए सुरक्षा उपायों के बारे में बात करते हुए हजारा रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) ताहिर अयूब खान ने डॉन न्यूज को बताया कि हम चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी संभव उपाय अपना रहे हैं, इसलिए उन्हें सरकार के निर्देशों के अनुरूप प्रांत में बख्तरबंद वाहनों के बिना यात्रा नहीं करनी चाहिए। 26 मार्च को आत्मघाती हमलावर ने उत्तर–पश्चिम पाकिस्तान में एक बांध परियोजना पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों के काफिले में एक वाहन से टक्कर मार दी थी, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। इंजीनियर इस्लामाबाद से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दासु में बांध निर्माण स्थल पर अपने शिविर की ओर जा रहे थे। एक सप्ताह में दक्षिण एशियाई देश में चीनी हितों पर यह तीसरा बड़ा हमला था। पहले दो हमलों में पाकिस्तान के नौसैनिक हवाई अड्डे और बलूचिस्तान के दक्षिण–पश्चिमी प्रांत में चीन द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले एक रणनीतिक बंदरगाह को निशाना बनाया गया, जहां



बीजिंग बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में अरबों का निवेश कर रहा है। पाकिस्तान स्थित दुनिया न्यूज के अनुसार, घटना के बाद बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच कई चीनी नागरिकों को केवल उनके होटलों के भीतर ही जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। पुलिस के एक पत्र में गैर–चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं में शामिल चीनी नागरिकों की सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। पाकिस्तान के गृह विभाग ने यह भी कहा कि जिन परियोजनाओं में बुलेटप्रूफ वाहनों का उपयोग नहीं किया जा रहा है, उन्हें तब तक बंद कर दिया जाएगा जब तक कि बदलाव नहीं किए जाते। डॉन न्यूज के अनुसार, डीआइजी ने कघन घाटी के मलकांडी क्षेत्र में परियोजनाओं की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा करने के लिए सुकी किनारी और बालाकोट जलविद्युत परियोजनाओं के स्थलों का दौरा किया।

# अमृतसर के विकास के लिए भारतीय अमेरीकियों ने 10 करोड़ डालर देने का वादा किया

अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय की ओर से किसी भारतीय शहर के लिए इस तरह की घोषणा अपने आप में एक नयी पहल है। प्रसिद्ध भारतीय–अमेरिकियों और अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के एक समूह यूएस–इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम ने 'फेडरेशन ऑफ इंडियन चौंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' के साथ वाशिंगटन के मैरीलैंड में अपनी बैठक की, जहां विकसित अमृतसर पहल की घोषणा की गयी।वाशिंगटन। प्रसिद्ध भारतीय अमेरिकियों के एक समूह ने अमृतसर के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए स्टार्टअप्स को 10 करोड़ डॉलर देने की घोषणा की है। अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय की ओर से किसी भारतीय शहर के लिए इस तरह की घोषणा अपने आप में एक नयी पहल है। प्रसिद्ध भारतीय–अमेरिकियों और अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के एक समूह यूएस–इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम



(यूएसआईएसपीएफ) ने 'फेडरेशन ऑफ इंडियन चौंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' (फिक्की) के साथ वाशिंगटन के मैरीलैंड में अपनी बैठक की, जहां विकसित अमृतसर पहल की घोषणा की गयी। इस पहल के संस्थापक सदस्यों ने बताया कि अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू इस विशाल योजना के प्रेरणास्त्रोत हैं, जो वाशिंगटन में पिछले चार वर्षों की राजनयिक सेवा के बाद मिशन से मदद मिलने का वादा लेकर अपने गृह नगर लौट गये। इस पहल का लक्ष्य अमृतसर को सिर्फ आर्थिक व औद्योगिक विकास के मामले में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों में से एक के रूप में विकसित करने का ही नहीं है बल्कि इस शहर को दुनिया के एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित बनाना है। सेवानिवृत्ति के बाद भारत लौटने के तुरंत बाद संधू को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अमृतसर लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। संधू ने शहर में प्रतिष्ठित भारतीय प्रवासी सदस्यों का एक सम्मेलन भी आयोजित किया था, जिसमें अमेरिका के जाने–माने भारतीय अमेरिकियों ने हिस्सा लिया था। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष मुकेश अघी इस सम्मेलन के लिए विशेष रूप से अमेरिका से अमृतसर पहुंचे। सम्मेलन की सह–मेजबानी फिक्की ने की थी। जिसके कुछ सप्ताह बाद समूह ने वाशिंगटन के मैरीलैंड में औपचारिक रूप से विकसित अमृतसर पहल की घोषणा की। बृहस्पतिवार को एक बयान में बताया गया कि इस पहल का उद्देश्य अमृतसर में उद्यमियों को सलाह और उनके स्टार्टअप्स को सफल बनाने के लिए 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर प्रदान करना है। अघी ने बताया, हमने अमृतसर के स्टार्टअप्स में निवेश के लिए करीब 10 करोड़ डॉलर की राशि का प्रबंध किया है।

हमारे पास 250 से ज्यादा आवेदन आये थे। हम उन सभी की समीक्षा कर रहे हैं। हमें और भी आवेदन प्राप्त होने की उम्मीद है। हम चाहेंगे कि अमृतसर में और ज्यादा स्टार्टअप्स आएं ताकि रोजगार पैदा हों, नयी तकनीक विकसित हो और एक पूरा नया पारिस्थितिकी तंत्र बने।

# भारत में मजबूत दोहरे अंकों की वृद्धि हासिल की

क्यूपर्टिनो स्थित आईफोन निर्माता ने एक दर्जन से अधिक देशों और क्षेत्रों में रिकॉर्ड राजस्व दर्ज किए हैं। इनमें मार्च तिमाही के भारत, लैटिन अमेरिका और पश्चिम एशिया के साथ–साथ कनाडा, स्पेन और तुर्किये में दर्ज रिकॉर्ड राजस्व शामिल हैं। एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी ने भारत में मजबूत दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की है और मार्च तिमाही में नया राजस्व रिकॉर्ड बनाया है। कुक ने कहा कि भारतीय बाजार पर ''मुख्य तौर पर ध्यान'' दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एप्पल, डेवलपर से लेकर बाजार तथा परिचालन तक पूरे परिवेश तंत्र पर काम



कर रहा है और वह वृद्धि आंकड़ों से ''बेहद खुश'' है। उन्होंने टेक कंपनी की दूसरी तिमाही की आय में भारत के योगदान पर कहा, '' हमने (भारत में) मजबूत दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की। हम इससे बेहद खुश हैं। यह हमारे लिए मार्च तिमाही का नया राजस्व रिकॉर्ड है। जैसा कि आप जानते हैं, जैसा कि मैंने पहले भी कहा है..मैं इसे एक अविश्वसनीय रूप से रोमांचक बाजार के रूप में देखता हूं और यह हम मुख्य तौर पर इस पर ध्यान दे रहे हैं।'' क्यूपर्टिनो स्थित आईफोन निर्माता ने एक दर्जन से अधिक देशों और क्षेत्रों में रिकॉर्ड राजस्व दर्ज किए हैं। इनमें मार्च तिमाही के भारत, लैटिन अमेरिका और पश्चिम एशिया के साथ–साथ कनाडा, स्पेन और तुर्किये में दर्ज रिकॉर्ड राजस्व शामिल हैं। एप्पल के भारतीय प्रदर्शन पर कुक ने कहा कि कंपनी के परिचालन संबंधी कार्य और विभिन्न पहलों के साथ–साथ बाजार में प्रवेश की योजना जारी है। उन्होंने कहा, '' हमने पिछले वर्ष कुछ स्टोर खोले हैं और हमें वहां अपार संभावनाएं नजर आ रही हैं।'' मार्च में समाप्त वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा करते हुए एप्पल ने कहा कि उसने तिमाही में 90.8 अरब अमरीकी डॉलर का राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में चार प्रतिशत कम है।

# पाकिस्तान गिलगित–बाल्टिस्तान में कैसे हुई 20 लोगों की मौत ? कई लोगों की हालत गंभीर

पुलिस के मुताबिक, बस में 38 यात्री सवार थे। एक अधिकारी के अनुसार, घटना में घायल हुए कम से कम 21 लोगों को चिलास के एक अस्पताल में ले जाया गया है। अधिकारी ने कहा, बचाव प्रयास जारी हैं और तीन महिलाओं सहित शवों को अस्पताल ले जाया जा रहा है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित–बाल्टिस्तान इलाके में एक यात्री बस के पहाड़ी इलाके से फिसलकर खड्ड में गिर जाने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बस पंजाब के रावलपिंडी प्रांत से हुंजा जा रही थी, तभी गिलगित–बाल्टिस्तान के डायमर जिले में काराकोरम राजमार्ग पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। पुलिस के मुताबिक, बस में 38 यात्री सवार थे। एक अधिकारी के अनुसार, घटना में



घायल हुए कम से कम 21 लोगों को चिलास के एक अस्पताल में ले जाया गया है। अधिकारी ने कहा, बचाव प्रयास जारी हैं और तीन महिलाओं सहित शवों को अस्पताल ले जाया जा रहा है।डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, डायमेर जिला बचाव अधिकारी शौकत रियाज ने कहा कि बस एक निजी कंपनी की थी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई, शुरुआत में घायलों की संख्या 35 थी लेकिन कई लोगों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। एक सूत्र ने कहा कि मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है क्योंकि घायलों में से कई की हालत गंभीर है। गिलगित बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री हाजी गुलबार खान ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया और प्रशासन को घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। सड़क दुर्घटना के बाद चिलास अस्पताल में आपातकाल भी घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि पिछले महीने की शुरुआत में, तीर्थयात्रियों को ले जा रहा एक ट्रक बलूचिस्तान के हब जिले में एक गहरी खाई में गिर गया, जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। तीर्थयात्री बलूचिस्तान के खुजदार जिले में सुदूर मुस्लिम सूफी दरगाह शाह नूरानी पर श्रद्धांजलि देने जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ड्राइव के दौरान तीव्र मोड़ के कारण यह दुर्घटना हुई। यहां यह उल्लेख किया जाना चाहिए कि पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं और रोजाना कई लोगों की जान ले लेती हैं।

# पुष्पा 2 द रूल का पहला गाना पुष्पा-पुष्पा रिलीज, मिका सिंह की आवाज और अल्लू अर्जुन के डांस ने ढाया कहर

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा द रूल का पहला गाना पुष्पा-पुष्पा रिलीज हो गया है. इस गाने का फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे थे. रॉकस्टार डीसीपी के लिखे गाने पुष्पा-पुष्पा को 6 भाषाओं में रिलीज किया गया है. पुष्पा-पुष्पा गाने के लिरिकल वीडियो ने पूरे इंटरनेट पर हलचल मचा दी है. फैंस अल्लू अर्जुन के स्टेप्स के कायल हो गए हैं और गाने पर भरपूर प्यार लुटा रहे हैं. वीडियो में पुष्पा ब्रांड की ताकत को दिखाया गया है.गाने के जबरदस्त हुक स्टेप ने पुष्पाइज्म के क्रेज को बढ़ा दिया है, जो पुष्पारू द राइज के डेब्यू के बाद से पॉप कल्चर का हिस्सा बन गया है.पुष्पा 2 के पहले सिंगल पुष्पा-पुष्पा को 6 भाषाओं में रिलीज किया गया है. ये गाना तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़, मलयालम और बंगाली भाषाओं में रिलीज हुआ है.देवी श्री प्रसाद ने गाने के अलग-अलग वर्जन गाने के लिए नकाश अजीज, दीपक ब्लू, मीका सिंह, विजय प्रकाश, रंजीत गोविंद और तिमिर बिस्वास जैसे पॉपुलर सिंगर्स को शामिल किया है.पुष्पा 2 का टीजर पहले ही रिलीज कर दिया गया था. सुकुमार के डायरेक्शन में बनी फिल्म पुष्पा 2 इसी साल 15 अगस्त को थिएटर्स में दस्तक देगी.पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन के साथ एक बार फिर रश्मिका मंदाना लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी. इसके अलावा फहद फासिल भी फिल्म का हिस्सा होंगे. फिल्म से अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है. अब फैंस को बस फिल्म की रिलीज का इंतजार है.अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म पुष्पा 2 साल 2021 की उनकी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म पुष्पारू द राइज का सीक्वल है. इस फिल्म ने ना सिर्फ घरेलू बॉक्स



ऑफिस पर बल्कि वर्ल्डवाइड ताबड़तोड़ कलेक्शन किया था. फिल्म का डायलॉग- पुष्पा, मैं झुकेगा नहीं साला, काफी पॉपुलर हुआ था. इसके अलावा फिल्म के गाने श्रीवल्ली ने भी खूब वाहवाही बटोरी थी, जिसमें रश्मिका मंदाना और अल्लू अर्जुन की शानदार केमिस्ट्री दिखाई दी थी.

# रुसलान का बाक्स आफिस पर बुरा हाल, 5 दिन में मुश्किल से 3 करोड़ का आंकड़ा किया पार

सलमान खान के बहनोई और एक्टर आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान शुक्रवार, 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. टिकट काउंटरों पर कोई कंप्टीशन नहीं होने के बावजूद, फिल्म को बेहद ठंडी ओपनिंग मिली. वहीं ओपनिंग वीकेंड पर भी रुसलान को दर्शकों ने सिनेमाघरों में नहीं पूछा. नॉन वीकेंड पर तो फिल्म की और बुरी हालत हो गई है. चलिए यहां जानते हैं रुसलान ने रिलीज के 5वें दिन कितना कलेक्शन किया है?एक्शन पैक्ड फिल्म रुसलान का रिलीज से पहले काफी प्रमोशन किया गया था. फिल्म के ट्रेलर से भी ऐसा लग रहा था कि आयुष शर्मा की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर देगी. हालांकि रुसलान की रिलीज के बाद सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया और रिलीज के पहले ही दिन ये फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों के लिए तरसती हुई नजर आई और इसने चंद लाख ही कमाई की. इसके बाद भी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपनी रफ्तार नहीं बढ़ा पाई और वीक डेज तो फिल्म के कलेक्शन में हर दिन गिरावट आ रही है.रुसलान की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 60 लाख कमाए थे. दूसरे दिन रुसलान ने 80 लाख का बिजनेस किया.



तीसरे दिन फिल्म का कलेक्शन 90 लाख रुपये रहा और चौथे दिन फिल्म ने 40 लाख की कमाई की. वहीं अब रुसलान की रिलीज के पांचवें दिन यानी पहले मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक रुसलान ने रिलीज के 5वें दिन यानी मंगलवार को 51 लाख की कमाई की है. इसी के साथ रुसलान की पांच दिनों की कुल कमाई अब 3.21 करोड़ रुपये हो गई है.आयुष शर्मा ने सलमान खान प्रोडकशन की फिल्म श्लवयात्रीय से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं कर पाई. इसके बाद आयुष की दूसरी फिल्म श्अंतिमरू द फाइनल ट्रूथ्य आई. इस फिल्म में सलमान खान ने भी अहम रोल प्ले किया था. हालांकि ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही. इसके बाद अब आयुष की तीसरी फिल्म रुसलान रिलीज हुई है. ये फिल्म भी एक्टर के करियर की नैया को पार नहीं लगा पाई है. 25 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब परफॉर्म कर रही है. ऐसे में रुसलान आयुष के करियर की तीसरी फ्लॉप फिल्म बन गई है.

# एसएस राजामौली ने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली क्राउन आफ ब्लड का किया एलान, जल्द ही आएगा फिल्म का ट्रेलर

बाहुबली, आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद, फैंस और दर्शक डायरेक्टर एसएस राजामौली की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. उनके इस इंतजार पर ब्रेक लगाते हुए डायरेक्टर ने बीते मंगलवार को अपनी आगामी प्रोजेक्ट बाहुबलीरू क्राउन ऑफ ब्लड एनिमेटेड सीरीज का एलान किया है. फिल्म मेकर महिष्मती की दुनिया में एक और महाकाव्य यात्रा के लिए मंच तैयार कर रहा है. उन्होंने से सोशल मीडिया पर एक क्लिप के जरिए अपने प्रोजेक्ट के टाइटल का खुलासा किया है. एसएस राजामौली ने अपने ऑफिशियल एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने आगामी प्रोजेक्ट का खुलासा करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है और कैप्शन में लिखा है, जब महिष्मति के लोग उनका नाम जपते हैं, तो ब्रह्मांड की कोई भी ताकत उन्हें वापस लौटने से नहीं रोक सकती. बाहुबलीरू क्राउन ऑफ ब्लड, एक एनिमेटेड सीरीज का ट्रेलर, जल्द ही आएगा. वीडियो में टाइटल को धुएं से निकलते हुए दिखाया गया है. बैकग्राउंड में लोगों को बाहुबली के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है. फिल्म मेकर ने अभी तक कलाकारों और कहानी के बारे में खुलासा नहीं किया है. बाहुबली (2015) ने अपना जादू ना केवल देश में बल्कि बल्कि जापान, चीन और कई यूरोपीय देशों के मंच पर भी रिकॉर्ड तोड़े. फिल्म की शानदार सफलता के बाद मेकर फिल्म का अगला सीक्वल बाहुबली 2 लेकर आए, जिसने 1810 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की और भारतीय बॉक्स ऑफिस के इतिहास में दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनकर उभरी. अब फैंस और दर्शक उसके आगे की कहानी जानने के लिए काफी एक्साइडेट है.

### ईशा गुप्ता ने देसी आउटफिट में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की दिलकश अदाओं ने फैंस को बनाया दीवाना

ईशा गुप्ता बाखूबी जानती हैं कि उन्हें अपने फैंस के दिलों को कैसे चोरी करना है. आए दिन एक्ट्रेस अपनी सेक् और ग्लैमरस तस्वीरें से फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं. ईशा ने डीप नेक देसी आउटफिट मल्टीकलर घागरा चोली पहनी है. लाइट मेकअप के साथ एक्ट्रेस ने हेयर ओपन रखे हैं और सेक्सी पोज दे रही हैं माथे की बिंदी और नेकलेस उनपर काफी जच रहा है और खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है. एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स का पसीना छूटना लाजमी है. बॉलीवुड स्टार ईशा गुप्ता अपनी बोल्डनेस के लिए जानी जाती हैं। अदाकारा ईशा गुप्ता अक्सर ही इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अदाकारा ईशा गुप्ता का बोल्ड अवतार फैंस को भी भाता है। उनकी एक अलग ही फैन फॉलोइंग है। अदाकारा को इंस्टाग्राम पर 18 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। साथ ही ईशा के फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं फैंस कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी और रेड हार्ट की बौछर कर रहे हैं ईशा को आखिरी बार प्रकाश झा की वेब सीरीज आश्रम 3 में देखा गया था.

# बाक्स आफिस पर 20वें दिन दैनिक कमाई में बड़े मियां छोटे मियां से आगे निकली मैदान

अजय देवगन की श्मैदानय और अक्षय कुमार की श्बड़े मियां छोटे मियांय को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 20 दिन हो चुके है. दोनों ही फिल्मों का रिलीज से पहले काफी बज था हालांकि सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद ना श्मैदानय को और श्ना ही बड़े मियां छोटे मियांय को दर्शकों से कुछ खास रिस्पॉन्स मिला. फिलहाल ये फिल्में काफी धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही हैं. चलिए यहां जानते हैं श्मैदानय और श्बड़े मियां छोटे मियांय ने रिलीज के 20वें दिन कितना कलेक्शन किया है?एक्शन के तड़के से सजी फिल्म श्बड़े मियां छोटे मियांय के ट्रेलर ने इस फिल्म को लेकर फैंस की काफी एक्साइटमेंट बढ़ा दी थी. वहीं फिल्म की स्टार कास्ट ने भी श्बड़े मियां छोटे मियांय का जमकर प्रमोशन किया था. जिसके बाद लग रहा था कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर दमदार कारोबार करेगी. रिलीज के बाद इसे क्रिटिक्स और दर्शकों से मिला-जुला रिव्यू मिला. हालांकि श्बड़े मियां छोटे मियांय ने ओपनिंग वीकेंड तक ठीक-ठाक कमाई की लेकिन फिर इसके कलेक्शन का ग्राफ गिरता चला गया और ये अभी तक बरकरार है.फिल्म के कारोबार की बात करें तो श्बड़े मियां छोटे मियांय का पहले हफ्ते का कलेक्शन 49.9 करोड़ और दूसरे हफ्ते की कमाई 8.6 करोड़ रही. वहीं तीसरे हफ्ते के थर्ड मंडे फिल्म ने 40 लाख की कमाई. अब फिल्म की रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्बड़े मियां छोटे मियांय ने रिलीज के 20वें दिन 50 लाख की कमाई की है. इसी के साथ श्बड़े मियां छोटे मियांय का 20 दिनों का कुल कलेक्शन अब 61.60 करोड़ रुपये हो गया है.अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा देश के पॉपुलर फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम के जीवन पर आधारित है. उन्होंने फुटबॉल के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था. इस फिल्म की इंस्पायरिंग कहानी और अजय देवगन की एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है. हालांकि श्मैदानय टिकट काउंटर पर उम्मीद के मुताबिक कारोबार नहीं कर पाई है.हालांकि तीसरे हफ्ते में फिल्म की कमाई में थोड़ी तेजी देखी जा रही है. श्मैदानय के कलेक्शन कि बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते में 28.35 करोड़ और दूसरे हफ्ते में 9.95 करोड़ की कमाई की थी. वहीं रिलीज के तीसरे हफ्ते के तीसरे मंडे श्मैदानय ने 50 लाख की कमाई की और अब इस फिल्म की



रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्मैदानय ने रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे मंगलवार को 70 लाख की कमाई की है. इसी के साथ मैदानय का 20 दिनों का कुल कलेक्शन अब 43.95 करोड़ रुपये हो गया है. श्मैदानय की कमाई की रफ्तार में तीसरे हफ्ते में थोड़ी तेजी देखी जा रही है. 100 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म अब 50 करोड़ का आंकड़ा छूने की और बढ़ रही है. फिल्म की रफ्तार को देखते हुए लग रहा है कि ये इस आंकड़े को पार कर लेगी. हालांकि श्बड़े मियां छोटे मियांय का टिकट खिड़की पर बुरा हाल है. ये फिल्म मैदान के आगे अब फीकी पड़ रही है. 300 करोड़ से ज्यादा के बजट में बनी ये फिल्म 20 दिन बाद भी 100 करोड से कोसो दूर है.

# वेलकम टू द जंगल में आफताब की हुई एंट्री, खास तस्वीर साझा कर अभिनेता ने दी जानकारी

वेलकम टू द जंगल को लेकर फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। इस फिल्म में बड़ी संख्या में सितारे नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। अक्षय कुमार की इस फिल्म में अब आफताब शिवदासानी की एंट्री हो गई है। इस बात की पुष्टि खुद अभिनेता ने सोशल मीडिया के जरिए की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर



एक खास तस्वीर को साझा करते हुए बताया कि फिल्म में वे भी काम कर रहे हैं। आफताब ने 16 साल पहले और 2024 की तस्वीर का कोलाज साझा करते हुए लिखा, पहली और दूसरी तस्वीर 16 साल के अंतराल पर ली गई है। जैसा कि आप देख सकते हैं कि तब से अब तक कुछ भी नहीं बदला है। आवारा को पागल जंगल में इस दीवाने का स्वागत करने के लिए धन्यवाद।इस फिल्म को 20 दिसंबर, 2024 को रिलीज करने की तैयारी चल रही है। इस फ्रेंचाइजी में अक्षय कुमार ने एक बार फिर वापसी की है। वेलकम के दूसरे भाग में उनकी जगह जॉन अब्राहम नजर आए थे। वेलकम टू द जंगल में सुनील शेट्टी, संजय दत्त, दिशा पटानी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, परेश रावल, जॉनी लीवर, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े और राजपाल यादव सहित कई बॉलीवुड अभिनेता अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। हाल ही में अक्षय बड़े मियां छोटे मियां में नजर आए थे। फिल्म में उनके साथ टाइगर श्रॉफ और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे सितारे भी मौजूद थे। अच्छी शुरुआत के बाद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लड़खड़ा गई।

# इमरान खान की बालीवुड में होगी धमाकेदार वापसी, आमिर खान की फिल्म हैप्पी पटेल में लीड रोल में आएंगे नजर!

आमिर खान के भतीजे इमरान खान ने अपनी पहली फिल्म जाने तू या जाने से डेब्यू किया था. पहली फिल्म के बाद से ही इमरान इंडस्ट्री में छा गए थे. उनकी डेब्यू फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी. मगर उसके बाद इमरान खान का जादू लोगों पर नहीं चला और उन्होंने इंडस्ट्री से ब्रेक ले लिया. अब 9 साल बाद इमरान खान एक्टिंग की दुनिया में वापसी करने जा रहे हैं. इस फिल्म की खास बात



ये है कि इसे वीर दास डायरेक्ट कर रहे हैं. इस फिल्म का नाम हैप्पी पटेल है और इससे वीर डायरेक्शन में कदम रखने जा रहे हैं.इमरान खान को लंबे समय से बड़े पर्दे पर फैंस देखने का इंतजार कर रहे थे. अब जैसे ही इमरान के कमबैक का उन्हें पता चला है तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है. सभी को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है. रिपोर्ट के मुताबिक इमरान खान ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है. उन्होंने गोवा में फिल्म की शूटिंग शुरू की है. इमरान के साथ फिल्म में लीड एक्ट्रेस कौन होने वाली हैं ये अभी फाइनलाइज नहीं किया गया है. रिपोर्ट्स की माने तो मोना सिंह फिल्म में अहम किरदार निभाती नजर आएंगी. मोना इससे पहले ही आमिर खान की कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं. वो लाल सिंह चड्ढा, 3 इडियट्स में काम कर चुकी हैं.इमरान खान की कमबैक फिल्म का नाम हैप्पी पटेल है. इस फिल्म की खास बात ये है कि इसमें आमिर खान का कैमियो भी होने वाला है. हैप्पी पटेल की बात करें तो ये कॉमेडी से भरपूर फिल्म होने वाली है. ये फिल्म आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस के तले बन रही है. इमरान खान जल्द हैप्पी पटेल के बाद एक वेब सीरीज में नजर आने वाले हैं. इस फिल्म में वो स्पाइ का किरदार निभाने वाले हैं. इमरान ने कमबैक का फैसला लिया है तो उनके पास काम आना शुरू हो गया है. पर्सनल लाइफ की बात करें तो इमरान खान लेखा वाशिंगटन को डेट कर रहे हैं. इमरान अब लेखा के साथ रहने लगे हैं. दोनों करण जौहर के एक अपार्टमेंट में शिफ्ट हो गए हैं.

# साउथ एक्ट्रेस टैग के चलते बालीवुड में काम मिलने में आ रही परेशानियां -सीरत कपूर

एक्ट्रेस सीरत कपूर का कहना है कि साउथ एक्ट्रेस के रूप में पहचाने जाने के चलते हिंदी सिनेमा में प्रोजेक्ट के ऑफर्स मिलने में



परेशानियां हुई है।31 वर्षीय एक्ट्रेस ने हिंदी सिनेमा में खुद को स्थापित करने में आ रही कठिनाइयों के बारे में बात की।रणबीर कपूर स्टारर फिल्म रॉकस्टार में असिस्टेंट कोरियोग्राफर के रूप में सिनेमा में अपनी जर्नी शुरू करने वाली सीरत ने कहा, कई लोग मुझे साउथ एक्ट्रेस के रूप में जानते हैं और मुझे लगता है कि कभी-कभी यह बॉलीवुड में ऑफर्स मिलने के बीच रूकावटें पैदा करता है।दर्शकों के लिए यह सोचना आसान है कि अगर आप साउथ इंडियन इंडस्ट्री में अच्छा कर रहे हैं तो आपको बॉलीवुड में आसानी से काम मिल सकता है। हालांकि, असल बात यह है कि बॉलीवुड में लीड रोल के लिए कोई भी प्रोजेक्ट पाने की प्रक्रिया बहुत चुनौतीपूर्ण है।सीरत और भी बॉलीवुड फिल्में करने की इच्छुक हैं।उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं अपने लाइफटाइम में कम से कम एक बार बॉलीवुड एक्टर्स के साथ काम करूंगी।उन्होंने कहा कि तेलुगु सिनेमा से मेरा नाता हमेशा रहेगा।उन्होंने कहा, टॉलीवुड ने मुझे वह सब कुछ दिया है जो आज मेरे पास है और मैं इसे पीछे नहीं छोड़ना चाहती। यहीं से मैंने शुरुआत की और यह हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। सीरत ने कई तेलुगु फिल्मों में काम किया है, जैसे रन राजा रन, टाइगर, राजू गरी गांधी 2, ओक्का क्षणम और मां विंता गाधा विनुमा आदि। 2022 में, उन्होंने तुषार कपूर के साथ मारीच के साथ हिंदी सिनेमा में अपनी शुरुआत की।

# नजर आएंगी वाणी कपूर, नवजोत गुलाटी करेंगे फिल्म का निर्देशन

बॉलीवुड दीवा वाणी कपूर एक आने वाली ड्रामा फिल्म बदतमीज गिल को शीर्षक देने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म बरेली और लंदन की एक लड़की और उसके परिवार की कहानी बताएगी।बॉलीवुड दिवा वाणी कपूर एक आने वाली ड्रामा फिल्म बदतमीज गिल को शीर्षक देने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म बरेली और लंदन की एक लड़की और उसके परिवार की कहानी बताएगी। आगामी फिल्म का निर्माण निकी भगनानी और विक्की भगनानी, विनय अग्रवाल, अंकुर तकरानी और अक्षद घोने द्वारा किया जा रहा है। इसका निर्देशन नवजोत गुलाटी कर रहे हैं, जिन्होंने रनिंग शादी, गिन्नी वेड्स सनी लिखी है और जय मम्मी दी और जल्द ही रिलीज होने वाली पूजा मेरी जान जैसी फिल्में निर्देशित की हैं।वाणी एक बिल्कुल अलग पक्ष दिखाएगी एएनआई ने निर्माता जोड़ी निक्की और विक्की के हवाले से बताया, ष्वाणी कपूर हमारी महत्वाकांक्षी परियोजना बदतमीज गिल का नेतृत्व कर रही हैं, जो मई के पहले सप्ताह में शुरू होने वाली है! वाणी पहली और एकमात्र पसंद थीं और वह हर तरह से इस भूमिका के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। हमारी फिल्म में उनका अभिनय सही जगह पर



है। उन्होंने कहा, ष्वाणी एक शीर्ष अभिनेत्री हैं, और उन्हें कभी भी कॉमेडी और पारिवारिक मनोरंजन वाली फिल्मों में नहीं देखा गया है। हमें लगता है कि वह इस शैली में शानदार काम करेंगी। यह भूमिका किसी ऐसे व्यक्ति को ध्यान में रखकर लिखी गई थी उसकी। मुख्य भूमिका के लिए वाणी को चुनने के पीछे के कारण के बारे में बात करते हुए, दोनों ने आगे कहा, श्हमें एक खूबसूरत, आत्मविश्वासी लड़की की जरूरत थी

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रत्याशी के केंद्रीय कार्यालय का फीता काट कर किया शुभारंभ

## उत्तर प्रदेश के सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जीतेंगे रू अजय राय

ब्यूरो अंकित वर्मा



देवरिया। जिले के लोक सभा सीट से इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार अखिलेश प्रताप सिंह के केंद्रीय कार्यालय का उद्धघाटन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने किया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि रायबरेली से राहुल गांधी को चुनाव मैदान में उतारा गया वह क्षेत्र उनका अपना क्षेत्र है वहा पर विकास का कृतिमान स्थापित किया गया जहां से राहुल गांधी रिकॉर्ड मतों से निर्वाचित होंगे। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इण्डिया गठबंधन की सरकार बनने पर जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर विकास की गति प्रदान की जायेगी आज पुरे देश में गुजरात के लोग ठेकेदार बन बैठे हैं। श्री राय ने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि पिछले दस सालों में जो झूठ बोल कर आम जनता को गुमराह किया गया है उसका बदला लेने का समय आ गया है। इस अवसर पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अखिलेश प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी, पूर्व एम एल सी जे पी जायसवाल, पूर्व विधायक दीना नाथ कुशवाहा, सपा के जिला अध्यक्ष ब्यास यादव, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामजी गिरी, पूर्व राज्य सभा सांसद कनक लता सिंह मौजूद रहे।

# पीड़ित पत्रकार को न्याय दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता – कमल पटेल

## क्षेत्रीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजाराम गुप्ता हुए समानित

ब्यूरो अंकित वर्मा




देवरिया। शुक्रवार को क्षेत्रीय पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले खुखुंदू थाने के निकट मन रेस्टोरेंट मे बैठक कर संगठन के विस्तार व निर्वाचित पदाधिकारीयो को सम्मानित किया गया । बैठक की अध्यक्षता पत्रकार जिन्स श्रीवास्तव ने किया । नव चयनित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजाराम गुप्ता व पत्रकार रमेश यादव को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया । बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल पटेल ने कहां की क्षेत्रीय पत्रकार एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी व सदस्य गण न्यूज प्रकाशित न्यूज कवरेज के दौरान कहीं किसी से विवाद या उत्पीड़न होता है संगठन पीड़ित पत्रकार का मुकदमा अपना वकील रखकर पत्रकार साथी की लड़ाई लड़ेगा । जिसका सारा खर्च संगठन उठायेगा , पीड़ित पत्रकार साथी का कहीं भी कोई खर्च नहीं लगने दिया जाएगा उन्होंने कहा की पीड़ित पत्रकार को न्याय दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी वही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजाराम गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा की संगठन के विस्तार के लिए आप सभी लोग इस संगठन मे अधिक से अधिक पत्रकार साथियों को जोड़ने का कार्य करें जिससे यह संगठन एक विशाल संगठन के रूप में पत्रकार हित में देश के विभिन्न प्रांतों अपना परचम लहराए। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कमेटी के पत्रकार जगन्नाथ यादव , राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश प्रसाद , प्रांतीय प्रभारी भोला यादव , जिला महासचिव चंदन वर्मा ने भी बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के विस्तार पर अपना विचार रखा । बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कोर कमेटी के महामंत्री राम भरोसा चौरसिया ने भी संगठन के विस्तार के लिए सभी पत्रकार साथियों से अपील किया पत्रकार रमेश यादव ने भी संगठन के विस्तार पर अपना सुझाव दिया । जिले के पदाधिकारी नितेश यादव ने भी संगठन के विस्तार के लिए अपना प्रस्ताव रखा । उक्त अवसर पर छायाकार पत्रकार , विश्व अनिल कुमार मिश्रा , दीनदयाल मद्धेशिया , पत्रकार चंद्रशेखर आदि लोग उपस्थित थे ।

# गर्मी में पशुओं को अत्यधिक गर्मी एवं गर्मी के प्रकोप, हीट स्ट्रेस से बचाने के लिए क्या करें

कौशाम्बी। गर्मी तेजी से बढ़ रही है। गर्मी बढ़ने पर शरीर में पानी की कमी हो सकती हैं। पानी शरीर का एक महत्वपूर्ण तत्व हैं। शरीर में 65 प्रतिशत के करीब पानी होता है। शरीर के खून में 80 प्रतिशत पानी होती है। अतः शरीर में पानी की कमी आती है। दूधारू पशुओं का दूध कम हो जाता है। गाभिन पशुओं में गर्भपात हो जाता हैए पशुओं में स्ट्रेस स्तर बढ़ता हैए जिससे प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है। पशु पक्षियों को बुखार हो जाता है। समय पर पानी की पूर्ति न होने पर पशु निढ़ाल हो जाता है और मृत्यु भी हो सकती है। इसलिए गर्मी से बचाव की व्यवस्था करना बहुत ही महत्वपूर्ण बिन्दु है। गर्मी के समय आपको क्या सावधानी रखनी है। यह प्रत्येक पशुपालक और आम व्यक्ति को इसकी जानकारी होनी चाहिए। तमाम ऐसे पशु है जो निराश्रित हैं उनके प्रति भी आपको दया का भाव रखना है। उनके लिए भी व्यवस्था करनी है। उनके लिए आप घर के बाहर पानी की व्यवस्था कर सकतें हैं। पक्षियों के लिए छत पर पानी की व्यवस्था कर सकतें हैंए जो भी पानी रखें उसको आप समय.समय पर बदलते रहें और पानी को छायादार स्थान पर ही रखें। गर्म पानी पशु पक्षियों को नुकसान कर सकता हैं। यदि पशु पक्षी बहुत हॉफ रहा होए कमजोरी और थकान महसूस कर रहा हो मुंह से लार टपक रही होए उसके हृदय की गति बढ़ गयी हो और वह निहाल पड़ गया हो तो यह लक्षण गर्मी से होने वाले हीट स्ट्रेस के लक्षण हो सकतें हैं। तत्काल नजदीकी पशु चिकित्साधिकारी से सम्पर्क करें और इलाज कराये। भार ढ़ोने वाले या काम करने वाले पशुओं को गर्मी के समय 12 बजे से 03 बजे तक अवश्य आराम दें। 37 डिग्री से अधिक तापमान होने पर इस नियमों का पालन आवश्य करें अन्यथा पशुओं के प्रति क्रूरता का अपराध माना जायेंगा। अपने पालतू पशुओं को नियमित रूप से नमक संतुलित पशुओं आहार मिनरल मिक्चर प्रतिदिन दें। इससे दुधारू पशुओं के दूध में कमी नहीं आयेंगी। पशुओं में स्ट्रेस नहीं होगा। स्ट्रेस आने से प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ जाती है और विभिन्न प्रकार की बीमारियां होती है। जन सामान्य से अनुरोध है कि पशुओं के प्रति दया का भाव रखते हुए गर्मी और लू से बचाने के लिए उपरोक्त बताये गये उपायों को खुद करें और अन्य व्यक्तियों को जागरूक कर प्रेरित करें।

# किसान के घर सेंध काटकर नकदी समेत चार लाख की चोरी

नेवादा, कौशाम्बी। सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के बिगहरा उस्मानपुर गांव में गुरुवार की रात चोरों ने किसान के घर की पीछे की दीवार में सेंध काटकर नकदी समेत लाखों रुपया का सामान पार कर दिया। सुबह चोरी की जानकारी होने पर किसान के होश उड़ गये। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण के बाद छानबीन करना शुरू कर दिया है।

बिगहरा उस्मानपुर गांव निवासी ओमनारायण मिश्रा किसान हैं। इसके अलावा वह मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी भी करते हैं। घर पर उनकी पत्नी अंजू मिश्रा पांच बच्चों के साथ रहती है। उनकी पत्नी अंजू ने बताया कि गुरुवार की रात खाना खाने के बाद वह बच्चों के साथ बरामदे में सो रही थी। इसी बीच रात में चोरों ने घर के पीछे की दीवार में सेंध काटकर कमरे में घुसकर बक्से और आलमारी का ताला तोड़कर एक लाख रुपया नकदी औरएतीन तोला सोना और एक किलो चांदी सहित तीन लाख रुपए का आभूषण पार कर दिया। शुक्रवार सुबह कमरे में बिखरा सामान और काटी गई सेंध देखकर उनके होश उड़ गए और उन्हें घर में चोरी होने की जानकारी हुई।घटना की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पुलिस को दी गईए सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मौका निरीक्षण के बाद चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया है। मामले में इंस्पेक्टर विनीत कुमार सिंह का कहना है कि चोरी की शिकायत मिली थीए मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जायेगा।

# प्रधान पुत्र ने शिकायत को लेकर मां. बेटी को पीटा

चायल, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के समदा मजरा जलालपुर शाना गांव निवासी पुरषोत्तम लाल पुत्र सरजू प्रसाद ने बताया कि उसके घर के सामने एक हैंडपंप लगा था। इसी हैंडपंप से मोहल्ले भर के लोग पानी भरते थे। इधर बीच काफी दिनों से हैंडपंप ने पानी देना बंद कर दिया। आरोप है कि ग्राम प्रधान बगैर मोहल्ले वालों की रजामंदी के पड़ोसी से 10 हजार रुपये लेकर उसके घर के बाउंड्रीवाल के अंदर हैंडपंप का रिबोर करवा रहा है। मामले की शिकायत सोमवार को एसडीएम से की थी। गुरुवार की शाम पुरषोत्तम चायल आया हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान शिकायत को लेकर प्रधान पुत्र उसके घर पहुंच पत्नी सरोजा देवी और बेटी सोनी के साथ गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि गाली गलौज का विरोध करने पर उसने मां बेटी की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से दोनों को चोटें आई। घायलों ने पिता के साथ थाने जाकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# विकसित भारत की रणनीति बनाने के लिए यह चुनाव अहम – शशांक मणि

## 9 मई को भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि भरेंगे नामांकन

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी देवरिया की ओर से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें लोकसभा क्षेत्र देवरिया से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बनने पर शशांक मणि ने क्षेत्र की जनता, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, भाजपा के जिले और क्षेत्र के संगठन, राज्य के संगठन तथा केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया । प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए शशांक मणि ने कहा कि यह चुनाव देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि यह चुनाव विकसित भारत बनने की दिशा में अहम योगदान देने वाला है इस चुनाव से देवरिया को अगले पांच वर्षों के लिए एक सांसद तो अवश्य ही मिलेगा लेकिन अमृत काल में राष्ट्र निर्माण के लिए अगले 25 वर्षों में विकास की रणनीति भी इसी चुनाव से तय होगी । आज भारतीय जनता पार्टी के प्रति जनता में अपार उत्साह देखा जा सकता है । गौर तलब है कि जब से भाजपा ने शशांक मणि को अपना प्रत्याशी घोषित किया है और रामनवमी के दिन उनका देवरिया में बतौर प्रत्याशी आगमन हुआ है तब से ही हर कोई जात समाज और वर्ग से ऊपर उठकर उनका समर्थन कर रहा है शशांक मणि ने प्रधानमंत्री मोदी जी के पदचिन्हों पर चलते हुए यह संकल्प लिया है कि आने वाले समय में अमृत काल में देवरिया संसदीय क्षेत्र बने जिसमे विकास के लिए अगले 25 वर्षों की रणनीति अगले पांच वर्षों में बने इस रणनीति पर आधारित एक पुस्तिका अमृत काल का देवरिया संसदीय क्षेत्र का प्रकाशन भी पिछले दिनों हुआ था । उन्होंने कहा कि देवरिया और कुशीनगर के लिए मैं बहुत कुछ करना चाहता हूं इस लोकसभा क्षेत्र को एक आदर्श और पूरे देश में अग्रणी क्षेत्र के रूप में स्थापित




करना मेरा लक्ष्य है इस अमृत काल में विकसित भारत के साथ–साथ विकसित देवरिया बनाना ही मेरा वीजन है, मैंने देवरिया के लिए पिछले कुछ वर्षों में उद्यमिता के माध्यम से हजारों रोजगार पैदा करने, 25000 से ज्यादा लोगों को स्किल ट्रेनिंग, 50 करोड़ की लागत से विश्व स्तरीय उद्यम केंद्र, बैतालपुर में कॉल सेंटर, 100 से ज्यादा उद्यमी तथा कोरोना काल में सदर अस्पताल में 1000 लीटर का ऑक्सीजन प्लांट लगवाने तथा लोगों को उस भयानक महामारी में राशन किट बटवाने का कार्य किया है लेकिन मेरा मानना है की इन सबसे देवरिया एक अग्रणी जिला नहीं बन सकता अमृत काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिखाए गए सब के प्रयास से सबका विकास के मार्ग पर चलकर मैं देवरिया संसदीय क्षेत्र में विकास के लिए कार्य करूंगा । मेरा प्रयास रहेगा की बेहतर शहरीकरण, फूड प्रोसेसिंग पार्क, रोड कनेक्टिविटी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं व आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की दिशा में और भी बेहतर कार्य करूं, यह सबके प्रयास से ही संभव हो सकता है । इसी तरह पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ताओं के लिए मेरे मन में कुछ नया करने की सोच है ताकि हमारे कार्यकर्ता पार्टी के साथ–साथ अपने परिवार का पोषण भी कर सकें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा केंद्र और प्रदेश स्तर पर बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है आयुष्मान भारत, किसान सम्मन निधि, हर घर नल और महिला सशक्तिकरण के माध्यम से स्वास्थ्य, कृषि और रोटी पानी का इंतजाम हर वर्ग के लिए बिना भेदभाव किया जा रहा है। प्रधानमंत्री से प्रेरित होकर मेरी यह सोच है कि किसी भी कार्य की सफलता में सभी का प्रयास होना चाहिए तभी जाकर वह कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो सकता है मैं आप सब मीडिया के साथियों के माध्यम से अपने लोकसभा की सम्मानित जनता से करबद्ध निवेदन करता हूं की आने वाले 1 जून को अधिक से अधिक मतदान करें क्योंकि आपका एक सही वोट अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कर सकता है, आपका एक सही वोट जम्मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर सकता है, आपका एक सही वोट पाकिस्तान जैसे आतंकी सरपरस्तों को उनके घर में घुसकर जवाब देने की ताकत देता है, इसलिए देश हित में अधिक से अधिक मतदान करें । उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है ना ही उनका कोई नेतृत्व है वह देश की जनता को बरगलाने का कार्य कर रहे हैं, 70 साल से उन्होंने देश के खजाने को लूटा है अब जनता उनके धोखे में नहीं आने वाली है । देश की जनता को मोदी जी के कुशल नेतृत्व पर अटूट विश्वास है और तीसरी बार हमारी पार्टी 400 से अधिक सीटों पर पुनः प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने जा रही है इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह कुशीनगर के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेमचंद मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष अंतर्यामी सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी तथा सह मीडिया प्रभारी संतोष मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## जानकीपुर में शिक्षिका ने बच्चों को दी मतदान प्रक्रिया की जानकारी

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के प्राथमिक विद्यालय जानकीपुर में शिक्षिका शालनी सिंह ने मतदाता जागरूकता का और अधिक प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से मतदान टीएलएम का निर्माण कर बच्चों को मतदान की पूरी प्रक्रिया का समावेशन किया। जिससे बच्चे इस प्रक्रिया को भली भांति जान सके। इसके बाद घर जा कर अपने अभिभावकों को मतदान की महत्ता के बारे में बता सके।

## साहब मेरे बेटे की ससुरालियों ने हत्या कर दी

आर्मी जवान के पिता ने ससुरालियों पर कार्यवाही हेतु किया प्रदर्शन

अजुहा, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के वार्ड नं0 11 नेता नगर के रहने वाले हरिलाल पुत्र चंद्रपाल ने शुक्रवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसका बेटा घनश्याम आर्मी में नायब सूबेदार के पद पर तैनात था। उसकी शादी 13 वर्ष पहले फतेहपुर जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र के किशनपुर के चिरई गांव में हुई थी। आर्मी जवान के पिता हरिलाल का आरोप है की शादी के बाद उसकी बहू मानश्री अक्सर मायके में रहती थी जिसके चलते घनश्याम छुट्टी पर घर आता था तो ससुराल चला जाता था। हरिलाल का यह भी आरोप है की बेटे के ससुरालीजन उसके बेटे को ब्लैकमेल कर उसका वेतन ले लेते थे, और बेटे को प्रताड़ित करते थे। खुलासा होने के डर से बहू ने घरवालों ने बेटे को मारकर फांसी के फंदे पर लटका दिया। आर्मी जवान के पिता ने शव को घर में रखकर प्रदर्शन करते हुए न्याय न मिलने तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया है वही मृतक जवान के परिजन ट्रैक्टर से शव लेकर खागा पहुंचे जहां सीओ खागा से मुलाकात कर कार्यवाही की मांग की। मामले में क्षेत्राधिकारी खागा बृज मोहन रॉय का कहना है की मृतक के परिजनों की तहरीर ले ली गई है जांच पड़ताल के बाद दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

## लेखपाल संघ ने बैठक कर उपनिरीक्षक पर कार्यवाही हेतु तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील में तैनात एक लेखपाल के साथ मारपीट व अभद्रता के आरोप में लेखपाल संघ ने शुक्रवार को सिराथू तहसील सभागार में बैठक कर तहसीलदार पूर्णिमा सिंह को ज्ञापन देकर उपनिरीक्षक पर 24 घंटे के अंदर कार्यवाही की मांग की है। लेखपाल संघ सिराथू के अध्यक्ष सुनील दिवेदी की अगुवाई में लेखपाल संघ ने शुक्रवार को सिराथू तहसील सभागार में संघ के साथ बैठक किया जिसके बाद लेखपालों ने तहसीलदार सिराथू पूर्णिमा सिंह को ज्ञापन देकर बताया की सिराथू तहसील में तैनात लेखपाल विनोद सोनकर बुधवार की शाम तहसील से अपने घर देवीगंज गया था जहां रात में सौरई बुजुर्ग में बोरिंग मशीन हटवा रहा था । लेखपाल का आरोप है की इस दौरान हल्का दरोगा पुलिस कर्मियो के साथ लेखपाल के साथ जाति सूचक शब्दो का इस्तेमाल करते हुए अभद्रता करने लगे विरोध करने पर मारपीट करने लगे । नाराज लेखपाल संघ सिराथू ने तहसीलदार को ज्ञापन सौप उपनिरीक्षक को 24 घंटे के अंदर निलंबित किए जाने की मांग की है। साथ ही लेखपालों ने बताया की कार्यवाही न होने पर कलम बंद हड़ताल के लिए बाध्य होंगे।

## पति ने पत्नी को प्रेमी के साथ भगाया

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने दामाद पर बेटी को प्रेमी के साथ भगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर बेटी की शादी में दिए गए दहेज को वापस कराए जाने की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के केन गांव के रहने वाले रामूपाल पुत्र स्व मोहन लाल पाल ने शुक्रवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसकी बेटी की शादी एक वर्ष पहले फतेहपुर जनपद के थरियांव के चक बरारी गांव में किया था । रामू पाल का आरोप है की उसका दामाद उसकी बेटी को मोहल्ले के एक व्यक्ति ने साथ भगा दिया। पीड़ित ने मामले ने सैनी पुलिस से शादी में दिए गए दहेज को वापस कराए जाने की मांग की है।

## सएवी इंटर कालेज के बाबू की बाइक से डिग्गी खोलकर डेढ़ लाख किए पार

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक इंटर में बाबू के पद पर तैनात युवक की बाइक से दो लोगो ने डिग्गी खोलकर डेढ़ लाख पार कर दिया। मामले की जानकारी पर बाबू ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

फतेहपुर जनपद के खागा क्षेत्र के डडीयापुर के रहने वाले दिनेश कुमार पुत्र त्रिभुवन प्रसाद सैनी ने स्थित एस ए वी इंटर कालेज में बाबू के पद पर तैनात है। दिनेश कुमार का कहना है की बेटी की शादी का कर्ज देने के लिए सिराथू में स्थित एक बैंक से शुक्रवार को डेढ़ लाख रुपए निकाला था । दिनेश का आरोप है की कालेज में तैनात दो लोगो ने उसकी डिग्गी को खोलकर डेढ़ लाख पार कर दिया । पीड़ित बाबू ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

## कबूतरबाजो ने फर्जी बीजा थमाकर साढ़े छः लाख की ठगी

सिराथू, कौशाम्बी। फतेहपुर जनपद के एक कबूतरबाज ने अपने बहनोई के जरिए सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से विदेश भेजने के नाम सात लोगो को फर्जी बीजा थमाकर साढ़े छः लाख की ठगी कर लिया। पीड़ितो के रुपए वापस मांगने पर कबूतरबाज जातिसूचक शब्दो का इस्तेमाल करते हुए रुपए वापस करने से मना कर दिया। पीड़ितो ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कबूतरबाज से रुपए वापस दिलाए जाने की मांग की है।

## चिल्ला शहबाजी में रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

कौशाम्बी। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनपद में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खंड चायल के कंपोजिट विद्यालय चिल्लाशहबाजी के छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने शुक्रवार को बैनर व तख्ती लेकर मतदान हमारा अधिकार हैए इससे बनती सरकार है। देश के भाग्यविधता, अब जागो प्यारे मतदाता जैसे नारे लगाते हुए गांव की गलियों में घूम घूम कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक कर रहे थे। साथ में रहे शिक्षकों मतदाताओं से बातचीत कर उन्हे बताया की जनपद में 20 मई को लोकसभा का चुनाव होने जा रहा है। ऐसे 18 साल पूर्ण कर चुके और इसके ऊपर जो भी मतदाता है वह सभी मतदान वाले दिन बूथ पर पहुंघकर अपने अपने मत का दान अवश्य करें। आप सभी लोगों के मत महत्वपूर्ण है। आप लोगों के मतदान से अच्छी सरकार का चुनाव होता है। रैली में बच्चों के साथ की प्रधानाध्यापिका ऊषा मिश्रा, शिक्षिका पूनम सिंह, अंजली शर्मा, शिप्रा गुप्ता, कृष्ण कुमार सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहें।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।